जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 184 प्रभात कोटा, शनिवार 19 अप्रैल, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के लिये विदाई भोज की तैयारी आरंभ होने लगी है

### इस घटनाक्रम से यह आकलन लगाया जा रहा है कि कुछ ही दिनों में नए भाजपा अध्यक्ष का चयन पूरा हो जायेगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- आरएसएस यह चाहता है कि नया अध्यक्ष ऐसा मजबूत व्यक्ति हो, जो सख्त निर्णय ले सके और किसी के दबाव में झुके नहीं।
- दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न संघ के समक्ष है कि क्या मोदी 75वां जन्मदिन मनाने के बाद रिटायर होंगे तथा उनके रिटायरमैंट के बाद उनकी जगह कौन लेगा और देश के राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति की गद्दी पर कौन बैठेगा।
- आरएसएस इस बात से भी काफी चिंतित है कि भाजपा से जो बहुत से युवा पहली बार जुड़े हैं, क्या वे संघ की संस्कृति में अच्छी तरह समावेश हो गये हैं।
- भाजपा के बड़े नेता इस बात पर आश्वस्त हैं, पर फिर, भाजपा व संघ परिवार दोनों चाहते हैं कि आरएसएस का पुराना कार्यकर्ता, जो संघ की संस्कृति में डूबा हुआ है तथा ओतप्रोत है, वही पार्टी का नया अध्यक्ष होना चाहिये।
- इन मुद्दों पर मूल सहमति नहीं बन पाई है अभी तक तथा ये गतिरोध खत्म करने के लिये सभी प्रयासरत हैं।

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। भाजपा-आरएसएस ने भाजपा-अध्यक्ष के चयन के अंतिम निर्णय की प्रक्रिया तेज कर दी है, क्योंकि यह मुद्दा लम्बे समय से खिंचता चला आ रहा है और इससे ऐसा संदेश जा रहा है कि पदमुक्त होने जा रहे पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के स्थानापन्न के मामले में संघ परिवार के अंदर कोई बड़ा मतभेद है।

सूत्रों का कहना है कि नड्डा के विदाई समारोहों की श्रृंखला शुरु हो गई है और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नये पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति चन्द रोज़ में ही हो जायेगी।

सूत्रों का कहना है कि आरएसएस के मन में कुछ महत्वपूर्ण चिन्ताएं हैं, जिनका समाधान नये पार्टी अध्यक्ष के चयन एवं नियुक्ति से पहले होना जरुरी है। आरएसएस इस पद के लिये एक ऐसा ताकतवर और दृढ़ नेता चाहती है, जो किसी के भी आगे झुके नहीं, बल्कि मुद्दों के मामले में दृढ़ रहे तथा कठोर निर्णय ले सके।

कई सवाल हैं, जैसे सितम्बर में 75 साल के हो जाने पर, नरेन्द्र मोदी पद-त्याग के लिये सहमत होंगे या नहीं?

मोदी के सेवानिवृति होने की स्थिति में, उनके स्थान पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा?

देश का अगला राष्ट्रपति कौन होगा?

देश का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा?

लेकिन आरएसएस के समक्ष सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा नई नस्ल के उन नेताओं का है, जो अन्य पार्टियों से भाजपा में लिये गये है, और क्या वे नेता संघ-संस्कृति के साथ एकाकार हो गये हैं।

भाजपा की संस्कृति से अपरिचित ऐसे नेताओं को लेकर आरएसएस के अंदर बहुत अधिक बेचैनी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का फोकस बूथ-लैवल कमेटियों तथा जमीनी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क जैसी पार्टी की असली सम्पत्तियों पर है और उनका कहना है कि भाजपा नेताओं की नई खेप इसके प्रति सजग एवं इससे परिचित है तथा वह पार्टी को संभाल सकती है।

लेकिन भाजपा का कहना है कि यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लायसैंस नहीं है तो राजापार्क के रैस्त्रां बंद करो

जयपुर, 18 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम ग्रेटर को निर्देश दिए हैं कि याचिका में पक्षकार बनाए गए 9 रेस्त्रां के पास यदि लाइसैंस नहीं है तो उनका आगामी सुनवाई तक संचालन रोका जाए। चीफ जस्टिस एम.एम श्रीवास्तव और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश शालिनी श्रीवास्तव व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में बताया कि शहर में संचालित कई रेस्त्रां और अन्य प्रतिष्ठान नगर निगम की ओर से दिए जाने वाले

- हाई कोर्ट ने नगर निगम ग्रेटर को निर्देश दिये, अगली सुनवाई तक बिना लायसैंस वाले रैस्त्रां का संचालन रोकें।

लाइसैंस के बिना ही खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। जिसके चलते आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस संबंध में नगर निगम को कई बार शिकायत भी दी गई, लेकिन अभी तक निगम प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता की ओर से शहर के राजा पार्क क्षेत्र में संचालित 9 रेस्त्रां संचालकों को पक्षकार भी बनाया गया। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा कि यदि इन 9 रेस्त्रां के पास निगम का लाइसैंस नहीं है तो अंतरिम रूप से उनका संचालन रोका जाए।

## प्र.मंत्री मोदी ने एलन मस्क से टेलीफोन मिलाकर बात की

### बातचीत का मुद्दा, मस्क की सैटलाइट पर आधारित संचार सेवा, स्टारलिंक को भारत में पैर पसारने की इजाज़त देना लगता है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्र.मंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैण्डल पर यह जानकारी जनता से शेयर की।
- वैसे भी मोदी, मस्क से अपनी पिछली वॉशिंगटन यात्रा के दौरान मिले थे और उद्योग व वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी शुक्रवार को स्टारलिंक के उच्चाधिकारियों, वाइस प्रेसिडेन्ट चैड गिब्स व वरिष्ठ निदेशक रायन गुडनाइट से मिले। स्टारलिंक को भारत सरकार से शीघ्र ही अनुमति मिलने की संभावना है।
- यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि मस्क की इलैक्ट्रिक कार टैस्ला को कैनडा व फिर इंगलैंड में इलैक्ट्रिक व्हिकल रिबेट मिलने की संभावना नहीं है। अतः मस्क भारत में टैस्ला कार बनाने के लिये फैक्टरी लगाने की फिराक में भी हैं। रिलायंस जियो, भारती एयरटेल व वोडाफोन आइडिया भी भारत में मस्क से कोलैबोरेशन करके स्टारलिंक सेवा उपलब्ध कराने की कोशिश में हैं।

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। हाल की घटनाओं को देखते हुए ऐसा लगता है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के खतरे, भारत में एलन मस्क की स्टारलिंक सर्विस के लाँच की योजनाओं में बाधा नहीं बनेंगे।

उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की, स्टारलिंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मस्क को फोन किया। यह बातचीत टैक्नॉलजी और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने पर केन्द्रित थी। इस वर्ष के शुरु में मोदी और मस्क की वॉशिंगटन में आमने-सामने मुलाकात हो चुकी है। अपनी इस टेलिफोन बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पर लिखा, "मस्क से टैक्नॉलजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बात की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ान् के लिए प्रतिबद्ध है।"

मोदी के इस फोन कॉल को उस व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है, जिसमें मस्क की कंपनी टैस्ला भारत में मैनुफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का प्रयास कर रही है। वहीं, रिलायंस जिओ ने, भारत में स्टारलिंक की हाईस्पीड सैटेलाइट इन्टरनैट सेवाएं शुरु करने के लिए स्पेसएक्स के साथ पार्टनशिप की है। स्पेसएक्स भारत में अधिकारिक रुप से स्टारलिंक सेवाएं देने के लिए सरकारी मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है।

हालांकि, हाल के हफ्तों में, टैरिफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बाँग्लादेश, मुर्शिदाबाद के दंगों को भुनाने की कोशिश में!

### बाँग्लादेश ने भारत को सार्वजनिक रूप से वक्तव्य देकर याद दिलाया, मुसलमानों की सुरक्षा व हिफाज़त, भारत की जिम्मेवारी है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- ममता बनर्जी ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा, यह हिंसा बीएसएफ ने फैलायी है।
- बंगाल की मु.मंत्री के अनुसार, बीएसएफ ने बच्चों को पैसे देकर उकसाया, पत्थर व मिसाइल दागने के लिये, क्योंकि अब दंगाग्रस्त इलाके में बीएसएफ की जिम्मेवारी है, पश्चिम बंगाल सरकार दोषमुक्त है।
- ममता ने जनता का ध्यान बांटने के लिये, पुरानी चाल चली और आरोप लगाया कि दंगे सुनियोजित हैं तथा अमित शाह की योजना के अंतर्गत हुए हैं।
- एक और "अनकनैक्टेड" बात जोड़ी कि अमित शाह का क्या होगा, मोदी के जाने के बाद।

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। बाँग्लादेश बंगाल में विस्फोटक साम्प्रदायिक तनाव को और बड़ा और विकृत रुप देने की कोशिश में हैं। इस पड़ोसी देश ने भारत को मुस्लिमों की सुरक्षा एवं संरक्षण की याद दिलाने वाले सार्वजनिक बयान देना शुरु कर दिया है।

यह विश्वास करने के पर्याप्त कारण हैं कि बाँग्लादेश ने सीमावर्ती जिले में कुछ जिहादी तथा उग्रवादी भेजे थे तथा तनाव को पूरी सक्रियता के साथ उकसा रहा था। अब बाँग्लादेश अपनी इस सक्रिय दखलंदाजी को छिपाने के लिये हमारा ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है।

मुर्शिदाबाद तथा बंगाल के अन्य जिलों में साम्प्रदायिक हिंसा के तुरंत बाद आई टिप्पणी तथा बाँग्लादेश के हस्तक्षेप को लेकर, भारत सरकार ने बड़ी तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने बाँग्लादेश के अधिकारियों से कहा है कि वे अपना काम करें तथा वहाँ अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा करें।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़कर भागने के तुरंत बाद, बाँग्लादेश में बड़े पैमाने में अग्निकांड एंव हिंसा की घटनाएं हुई थीं। दुर्भाग्य की बात यह हुई कि उस राजनैतिक हिंसा ने शीघ्र ही देश में हिन्दू समुदाय के प्रति नफरत के एक सूत्रीय कार्यक्रम का रुप ले लिया था।

बाँग्लादेशी हिन्दुओं के खिलाफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## यूनेस्को के "मैमरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर" में गीता, नाट्यशास्त्र शामिल

नयी दिल्ली, 18 अप्रैल। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने दुर्लभ अभिलेखों की अपनी सूची, "मैमरी ऑफ द वर्ल्ड" रजिस्टर में गीता और भरत मुनि के नाट्ययशास्त्र को भी शामिल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने

- प्रधानमंत्री ने इसे हर भारतीय के लिये गर्व की बात बताया। इस सूचि में अब भारत के दर्ज अभिलेखों की संख्या 14 हो गई।

इसकी प्रशंसा की और इसे दुनिया भर में रह रहे भारतीयों के लिए गर्व की बात बताया। इसके साथ ही इस सूची में भारत के दर्ज प्राचीन अभिलेखों की संख्या 14 हो गयी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने यूनेस्को के निर्णय के बारे में संस्कृति मंत्री शेखावत के एक पोस्ट पर टिप्पणी में, लिखा, समूचे विश्व में प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण। गीता और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उप मु.मंत्री एकनाथ शिंदे, अमित शाह से मिले, पर इससे उनकी कमज़ोरी ही जाहिर हुई

### म्युनिसिपल चुनाव से पूर्व, एकनाथ शिंदे काफी हिले हुए हैं क्योंकि उन्हें शिव सेना के उद्धव ठाकरे खेमे व भाजपा गठबंधन के अन्य घटकों से एक साथ संघर्ष करना पड़ रहा है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भाजपा ने अप्रत्यक्ष संकेत दिया है कि वो घटकों के आपसी संघर्ष में एनसीपी (अजित पंवार) के पक्ष में हैं। यह भाजपा का, महाराष्ट्र की राजनीति की दृष्टि से बुद्धिमतापूर्ण कदम है, पर, शिंदे के लिये खतरे की घंटी है।
- शिंदे ने मुम्बई में 13 अप्रेल को सहयाद्री गेस्ट हाउस में बात करके, शिव सेना को तोड़ने में अपनी भूमिका याद दिलाई तथा अमित शाह से हस्तक्षेप करने की दुहाई दी। मगर, शाह पर इस दुहाई का खास असर होता नहीं दिख रहा है, तो क्या महायुति गठबंधन टूट भी सकता है?

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। हाल ही में, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे तथा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच हुई गोपनीय मीटिंग से राज्य में सत्तारुढ़ "महायुति" गठबंधन की दरारों के गहरी होने की व्यापक अटकलें लगाई जा रही है। ज्ञातव्य है कि राज्य के म्यूनिसिपल चुनाव होने में कुछ सप्ताह ही शेष हैं। तेरह अप्रैल को मुम्बई के सहयात्री गैस्ट हाउस में हुई इस मीटिंग ने गठबंधन की एकता को लेकर चिन्ताएं बढ़ा दी हैं। फन्ड्स तथा राजनैतिक पदों को लेकर पैदा हुये अन्दरुनी विवादों से सत्तारुढ़ गठबंधन के स्थायित्व के लिये खतरा पैदा हो गया है।

महायुति गठबंधन, जिसमें शिवसेना (शिन्दे गुट) भारतीय जनता पार्टी तथा नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार गुट) शामिल हैं, 2024 के हलचलपूर्ण विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आया था। इसका गठन 2022 में शिव सेना के नाटकीय रुप से टूटने के बाद हुआ था, जब शिन्दे ने उद्धव ठाकरे का नेतृत्व अस्वीकार कर दिया तथा महाविकास अघाड़ी सरकार को सत्ता से हटाने के लिये भाजपा से गठजोड़ कर लिया था।

इस पार्टनरशिप ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की सत्ता में वापसी तो हो गई थी, लेकिन शिन्दे गुट का अपने मित्र दलों के साथ तालमेल नहीं हो पा रहा है और उनका असंतोष बढ़ता ही जा रहा है, और उनका यह तनाव शाह के साथ हाल ही हुई उनकी मीटिंग से खुलकर सामने आ गया है। सूत्रों का कहना है कि संसाधनों के आवंटन तथा राजनैतिक महत्व से सम्बंधित शिकायतों के समाधान के लिये शिन्दे ने शाह का हस्तक्षेप की मांग की है। इस विवाद का मुख्य कारण राज्य के वित्तीय संसाधनों का वितरण है, जिस पर एन.सी.पी. नेता अजित पवार का नियंत्रण है। शिंदे ग्रुप का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है।

एक और विवादास्पद मुद्दा रायगढ़ जिले के संरक्षक मंत्री का पद है, जो आर्थिक और चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। शाह के, एन.सी.पी. नेता सुनील तटकरे के घर जाने से इस धारणा को और बल मिला है कि भाजपा इस पद के लिए तटकरे को प्राथमिकता दे रही है, जिससे शिंदे गुट स्वयं को हाशिए पर महसूस कर रहा है और इसे लेकर गुट में नाराज़गी बढ़ रही है। नगर निगम चुनाव नज़दीक हैं, ऐसे में ये मतभेद महंगे साबित हो सकते हैं। ये चुनाव महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में गठबंधन की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बाइस नक्सलियों ने सामूहिक आत्म समर्पण किया

सुकमा, 18 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 40.5 लाख रुपये के 12 इनामी माओवादी सहित 22 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष शुक्रवार को सामूहिक रुप से आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इन नक्सलियों ने एक साथ पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

- इन नक्सलियों में से 12 पर 40 लाख रुपये का ईनाम था।

(सीआरपीएफ) के अफसरों के सामने सरेंडर किया है। इन पर कुल 40 लाख रुपये का इनाम घोषित है। ये सभी नक्सली माड़ डिवीजन (छत्तीसगढ़ ) और नुआपाडा डिवीजन (ओडिशा) में सक्रिय रहे हैं। आज एक साथ सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक दंपति भी शामिल हैं। इन पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित है। इनके सरेंडर को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमेरिका तीन सप्ताह में ही, जल्दी से जल्दी, भारत के साथ व्यापारिक समझौता फाइनल कर लेना चाहता है

### अमेरिका का मकसद केवल "टैरिफ" में भारत के पक्ष में कुछ व्यवहारिक कमी करना ही नहीं है, बल्कि, चीन की एशिया व विश्व में व्यापारिक धौंस पर अंकुश लगाना है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अमेरिका चाहता है, भारत से "बायलेटरल" व्यापारिक समझौता करके पैसिफिक देशों (साउथ कोरिया, वियतनाम, ताईवान, आस्ट्रेलिया व जापान) से व्यापारिक अरैंजमैंट को फाइनल करे।
- उद्योग व वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी कुछ ऐसे ही संकेत दे रहे हैं। उन्होंने एक इन्टरव्यू में कहा कि भारत पर वैसे भी "टैरिफ की मार" नहीं पड़नी चाहिये, क्योंकि भारत तो "टैरिफ वॉर" के बहुत पहले से ही अमेरिका से "बायलेटरल" व्यापारिक समझौते की बात कर रहा था।

नई दिल्ली, 18 अप्रैल। तेजी से बदलते वैश्विक ट्रेड ड्रामा में भारत एक महत्वपूर्ण किरदार के रूप में उभरा है क्योंकि अमेरिका अपने अन्य मित्र देशों की तुलना में भारत के साथ एक ट्रेड एग्रीमैंट करने के लिए जल्दबाजी में है। इसमें टैरिफ रेट के अलावा और भी बहुत कुछ दांव पर है। इस डील से इंडो पैसेफिक इकॉनमिक ऑर्डर में भारत की स्थिति पुनः परिभाषित हो सकती है और चीन के वैश्विक दबदबे को नियंत्रित करने के लिए यू एस के नेतृत्व वाली रणनीति को प्रोत्साहित करेगा।

पता चला है कि भारत, जापान दक्षिण कोरिया और यूनाइटेड किंगडम के साथ डील करने के लिए वाइट हाउस रात-दिन एक कर रहा है, इसके लिए उसने तीन सप्ताह की समय सीमा रखी है। ये उच्चस्तरीय वार्ताएं असल में वैश्विक बाज़ार में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने और ट्रेड कॉरिडोर को नया आकार देने के विस्तृत भू-राजनैतिक प्रयासों का अंग हैं।

इस डिप्लोमैटिक उथल-पुथल की शुरुआत अमेरिका द्वारा टैरिफ की घोषणा करने से हुई थी। लेकिन टैरिफ पर 90 दिन की रोक ने देशों को व्यक्तिगत ट्रेड डील्स करके और दण्डात्मक शुल्क से बचने का एक छोटा सा मौका दिया है।

भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है। वॉशिंगटन के साथ कई महीनों से चल रही उच्च स्तरीय वार्ता के बावजूद भारत को ट्रंप की नई टैरिफ लिस्ट में शामिल किया गया और भारतीय सामान पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। यह रेट दक्षिण कोरिया के समकक्ष है, पर वियतनाम व ताईवान से कुछ कम है। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक इंटरव्यू में बताया कि टैरिफ की धमकी से बहुत पहले से ही भारत द्विपक्षीय वार्ताएं कर रहा है। भारत उन देशों में नहीं था, जिन पर वास्तव में टैरिफ लगाने की जरुरत थी, क्योंकि हम पहले से ही द्विपक्षीय वार्ताएं कर रहे थे।"

चीन के विपरीत, भारत ने शांत और व्यवहारिक रास्ता अपनाया। जहाँ चीन ने भी बदले में आक्रामक टैरिफ लगाए और निर्यात पर नियंत्रण किया, वहीं नई दिल्ली ने बैक चैनल डिप्लोमैसी और वार्ता का सहारा लिया। इसी बीच अमेरिका ने भारत के साथ डील को प्राथमिकता दी और अमेरिका, ब्रिटेन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित संधि से पहले भारत के साथ डील को फाइनल कर लेगा। यह तत्परता ट्रम्प प्रशासन की रणनीतिक प्राथमिकता को दर्शाती है, जिसमें वह अपने इंडोपैसेफिक सहयोगियों के साथ व्यापारिक समझौते करने की दिशा में काम कर रहा है।

नई दिल्ली के व्यापारिक वार्ताएं सिर्फ टैरिफ से छूट के लिए ही नहीं है, बल्कि इससे कहीं अधिक हैं। भारत जैनरिक दवाओं के निर्यात, आईटी सेवाओं और ई-कॉमर्स, जहाँ भारतीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दो हजार से ऊपर के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी नहीं

नयी दिल्ली, 18 अप्रैल। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर जीएसटी लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है और ऐसे किसी भी प्रस्ताव की बात भ्रामक और निराधार है।

बयान में कहा गया है कि कुछ

- वित्त मंत्रालय ने कहा इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उपकरणों (कार्ड जैसे माध्यमों) का उपयोग करके किए गए भुगतानों से संबंधित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे शुल्कों पर ही जीएसटी लगाया जाता है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) 30 दिसंबर 2019 को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) को यूपीआई के माफित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**पति के किये पत्नी कार्य में मंत्री के समान सलाह देने वाली, सेवा में दासी के समान काम करने वाली, माता के समान सुन्दर भोजन बनाने वाली, धर्म के अनुकूल और क्षमादी गुण धारण करने में पृथ्वी के समान स्थिर रहने वाली होती है । –संस्कृत सूक्ति**

# डरावने हैं मां और शिशुओं की मौत के आंकड़े

विश्व स्वास्थ्य संगठन का मांनना है हम पिछले एक दशक से गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं के कारण होने वाली मौतों को बहुत कम कर चुके थे लेकिन 2016 के बाद इसमें फिर वृद्धि होने लगी है क्योंकि सरकारों का ध्यान इस पर कम हुआ है। संगठन के मुताबिक दुनियाभर में हर साल लगभग 3 लाख महिलाएं गर्भावस्था या प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण अकाल मौत की शिकार हो जाती हैं। इसी भांति 2 मिलियन से अधिक बच्चे अपने जीवन के पहले महीने में ही मर जाते हैं। अन्य 2 मिलियन बच्चे मृत पैदा होते हैं, जिनमें से कई को समय पर चिकित्सा सहायता मिलने पर बचाया जा सकता था। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि विश्लेषण करे तो पाएंगे हर 7 सेकंड में एक रोकी जा सकने वाली मौत हो रही है। नवजात शिशु सबसे ज्या दासेंसिटिव होता है और इस दौरान बीमारी और मृत्यु का खतरा सबसे अधिक होता है। समय से पहले जन्म होने पर संक्रमण, जन्म के समय सांस की समस्या, जन्मजात बीमारियों का रिस्कर इस दौरान काफी बढ़ जाता है। महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर आंकड़ा जारी करते हुए कहा है कि आज भी हर 2 मिनट में प्रेग्नेंसी और डिलीवरी से संबंधित जटिलताओं के कारण एक महिला की मौत हो जाती है। यह आंकड़ा बेहद डरावना है क्योंकि आज मेडिकल साइंस ने इतनी तरक्की कर ली है कि प्रेग्नेंसी की जटिलताओं के कारण महिलाओं की मौत को आसानी से रोका जा सकता है। संगठन ने 2023 के आंकड़ों को पेश करते हुए बताया कि गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं के कारण दुनिया में हर दिन 700 से ज्यादा महिलाओं की मौत होती है जो बेहद चिंता का विषय है। आंकड़े ये भी दर्शाते हैं कि आज भी दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में प्रेग्नेंसी कितनी खतरनाक है, जबकि मातृ मृत्यु के अधिकांश मामलों में जटिलताओं को रोकने और उनका उपचार करने के समाधान मौजूद हैं। इसलिए क्वालिटी मैटरल केयर तक पहुंच सुनिश्चित करने के अलावा, महिलाओं और लड़कियों के अंतर्निहित स्वास्थ्य और प्रजनन अधिकारों को मजबूत करना भी अहम होगा। ये ऐसे कारक हैं जो प्रसव के दौरान और उसके बाद उनके हेल्थ रिजल्ट्स की संभावनाओं को मजबूत करते हैं।

**विशेषज्ञों का कहना है कि निष्क्रियता कई गंभीर बीमारियों को जन्म देती है। विश्व लगातार बढ़ रही निष्क्रियता नामक महामारी का शिकार हो रहा है आरामदेह जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, जैसे हृदय रोग और डायबीटीज, अब तक संपन्न देशों की बीमारियाँ मानी जाती थीं लेकिन संगठन का कहना है कि अब विकासशील देश भी अब इसके शिकार हो रहे हैं।**

साल 1990 से लेकर 2020 के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत की स्थिति दुनिया के औसत आंकड़े से काफी बेहतर है। हालांकि हमारी सरकार लगातार इसमें और सुधार करने की कोशिश कर रही है। मोदी सरकार की प्राथमिकता आंकड़ों को शून्य करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच से जटिलताओं का शीघ्र निदान संभव हो जाता है। पोषण, शारीरिक गतिविधि और तंबाकू और शराब जैसे हानिकारक पदार्थों से बचने पर जागरूकता कार्यक्रम जनभागीदारी से आयोजित किये जाये। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बढ़ाई जावे, क्योंकि मातृ अवसाद और प्रसवोत्तर तनाव पर अभी भी ध्यान नहीं दिया जाता है। साथ ही प्रसव एवं डिलीवरी के दौरान कुशल स्वास्थ्य देखभाल सहायता, समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित किये जाये।

यह संकल्प लेने की जरुरत है की हम पीड़ित मानवता को हर खतरे से बचाने के लिए समय पर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ करा कर स्वस्थ दुनिया के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और बीमार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके। दुनियाभर में पोलियो, रक्ताल्पता, नेत्रहीनता, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया और एड्स जैसी भयानक बीमारियों की रोकथाम हो सके और मरीजों को समुचित इलाज की सुविधा मिल सके और समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक बनाया जाए और उनको स्वस्थ वातावरण बना कर स्वस्थ रहना सिखाया जाए। भारत में आम तौर पर लोगों में स्वास्थ्य चेतना का अभाव है। शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति भी लोग तभी चिंतित होते हैं जब कोई रोग उन्हें ठास लेता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि निष्क्रियता कई गंभीर बीमारियों को जन्म देती है। विश्व लगातार बढ़ रही निष्क्रियता नामक महामारी का शिकार हो रहा है आरामदेह जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, जैसे हृदय रोग और डायबीटीज, अब तक संपन्न देशों की बीमारियाँ मानी जाती थीं लेकिन संगठन का कहना है कि अब विकासशील देश भी अब इसके शिकार हो रहे हैं। विश्व भर में इन बीमारियों से हर वर्ष दो करोड़ लोगों की मौत होती है और इनमें से अस्सी प्रतिशत गरीब देशों से हैं संगठन का कहना है कि इस तरह की बीमारियाँ दौड़–भाग से रोकी जा सकती हैं स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति है। स्वस्थ लोग रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अपना अनुकूलन करने में सक्षम होते हैं। रोग की अनुपस्थिति एक वांछनीय स्थिति है लेकिन यह स्वास्थ्य को पूर्णतया परिभाषित नहीं करता है। यह स्वास्थ्य के लिए एक कसौटी नहीं है और इसे अकेले स्वास्थ्य निर्माण के लिए पर्याप्त भी नहीं माना जा सकता है। लेकिन स्वस्थ होने का वास्तविक अर्थ अपने आप पर ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन जीने के स्वस्थ तरीकों को अपनाया जाना है।

जीवन में स्वास्थ्य ही अनमोल धन है। शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के विभिन्न क्षेत्रो में सफलता अर्जित कर सकते है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। व्यक्ति की सबसे बड़ी दौलत उसका शरीर और उसका स्वास्थ्य होता है। जीवन में स्वास्थ्य का मूल्य समझ कर ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी। अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 19 अप्रैल, 2025



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, मूल नक्षत्र दिन 10:21 तक, शिव योग रात्रि 12:52 तक, वणिज करण सायं 6:22 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–धनु, मंगल–कर्क, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 10:21 से आरम्भ होगा। भद्रा सायं 6:22 से आरम्भ होगी। आज सायन वृष में सूर्य रात्रि 1:26 पर प्रवेश करेगा। आज ग्रीष्म ऋतु आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:39 से 9:15 तक, चर 12:26 से 2:02 तक, लाभ–अमृत 2:02 से 5:13 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:49



### मेष
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। आज नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### सिंह
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### धनु
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### वृष
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



### कन्या
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



### मकर
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



### मिथुन
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




### तुला
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



### कुंभ
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### कर्क
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### वृश्चिक
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।



### मीन
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# समीक्षा: कहानी संग्रह ''अहसासों की इबारत''




लेखिका की इससे पहले प्रकाशित कृति 'अतीत के पन्नों से' काफी चर्चित रही है। सद्य प्रकाशित 'अहसासों की इबारत' पुस्तक के प्रकाशक हैं साहित्यगार, मुद्रक हैं शीतल प्रिंटर्स जयपुर, आवरण पृष्ठ पर पेड़ के नीचे नदी किनारे बैठी एक युवती का रंगीन चित्र है जो बहुत संजीदगी के साथ कोई पुस्तक पढ़ रही, जो पुस्तक के शीर्षक के अनुसार ही है।

पुस्तक का मूल्य रु 300 रु, जो थोड़ा ज्यादा लग सकता है, पर पढ़ने के बाद अखरेगा नहीं।

पुस्तक अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।

शबनमी आखरों से बुनी पन्द्रह कहानियों का यह संग्रह, 'अहसासों की इबारत' आपके मन को गहराइयों तक भिगो देगा, आपको पता भी न चलेगा, कब आपकी आँखों से कुछ मोती झरे, और आपके मन के सारे क्लेश धो गए।

लेखिका रतना कौशिक की इन कहानियों में दर्द भी है और दवा भी। हकीकत की जमीं पर बोई गई और कल्पना से उकेरी गई ये कहानियाँ कभी हमें अपनी और कभी अपनों की सी लगती हैं।

यह कहानी संग्रह, साहित्य के महासागर की अमृतमयी बून्द है, साहित्य का अर्थ ही है 'हित से युक्त होना' यथा–'हितेन सह इति सहितं, तस्य भाव साहित्यं।' साहित्य का मूल तत्त्व हित–साधन है। साहित्य की कसौटी मूलतः शिवत्व अर्थात सामाजिक कल्याण है, आप इस संग्रह की हर कहानी में शिवत्व का यही मूल भाव सुगढ़ता से गुँथा हुआ पायेंगे। उपदेश की शुष्क जमीं से दूर, भावों की नर्मी से उपजे ऐसे ही सृजन के लिए तुलसीदास जी ने लिखा है:–

''कीरति भनिति भूति भल सोई,सुरसरि सम सब कह हित होई।''

यानी कीर्ति, कविता, और सम्पत्ति वही उत्तम है जो गंगाजी की तरह सबका हित करने वाली हो।

इस संग्रह की पंद्रह कहानियों में से पहली आठ कहानिया स्त्री विमर्श पर आधारित है, तो अन्य सात कहानियों में से बर्फ वाली आइस्क्रीम बचपन की दोस्ती, टूट गए मोह के धागे पुत्र मोह, रिश्तों में जीवन रहने दो कोविड की विभीषिका में रिश्तों में आई विद्रूपता, अपना–अपना आईना एक लघु कथा है जिसमें समाज में बढ़ती संवेदनहीनता पर टिप्पणी की गई है। एक कतरा खुशी का दो मित्रो की कहानी है जिसमें एक मित्र अपने कंगाल हुए मित्र की शादी की 50 वीं सालगिरह धूम धाम से मनाता है। आज भी समाज में नारी को अपनी पहचान और अस्मिता बनाए रखने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ता है, समाज में उनके प्रति उदार दृष्टिकोण प्रायः छद्म में ही प्रतीत होता है, संग्रह की प्रथम आठ कहानियां ऐसे ही संघर्षों की रोचक कथाएं हैं, जहां कभी नायिका को विजय मिलती है तो कभी हार और कभी जीत में भी हार।

कहानि 'मेरा मायका' समाज के हीन होते नजरिए के बारे में है,जैसे कीचड़ से सनी आँखों को न कुछ साफ दिखता है न ही कुछ अच्छा, वैसे ही अपना घरबार और नौकरी छोड़ मायके में अपने माँ–बाप की सेवा करती बेटी की नीयत में उसकी सगी बहनों को बस खोट दिखा, खुद उसके माँ बाप को भी कुछ ऐसा ही लगा, सबको लगा इकलौते भाई की मृत्यु के बाद छोटी बहन ने बाप की संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से मायके में डेरा डाल रखा है, पर सच ये न था''।

किन्नर, हिजड़ा, हमारे समाज में गाली का पर्याय ही समझा जाता है, एक माँ जिसकी पहली संतान एक किन्नर है, पर जन्म के साथ ही बेरहम दकियानूसी समाज ने दूर कर दिया उसे अपनी इसी अभागी सन्तान से, पर वो अंतिम घड़ी तक अटकी रही उसकी साँसों में, सरकार ने भले ही किन्नरों को सब हक़ दे दिए, पर ये समाज उन्हें अपने घर परिवार का सुकूँ न दे सका, भावनाओं से ओतप्रोत कहानी ''किसी को हक़ मिला तो किसी को सुकून'' एक अन्वेषण है इसी जमीनी हक़ीक़त का।

एक धनाढ्य परिवार की महिला कैसे अपनों के ही हाथों बेबस लाचार 'चबूतरे वाली अम्मा' बन गई, दिल को झकझोर देने वाली यह कहानी है टूटती परम्पराओं और छूटते संस्कारो का प्रतिबिम्ब। वृद्धावस्था में चाहिये अपनों का प्यार, सम्मान आदर, पर अब तो आपका धन भी इसका आश्वासन नहीं दे सकता। जीवन भर माँ बाप अपनी सन्तान की उन्नति के लिये अपना सब कुछ दाँव पर लगा देते हैं, फिर भी बुढ़ापे में उनकी उपेक्षा झेलना ....समझ के बाहर है, पर यह हो रहा है, समय आ गया है, माँ–बाप अपनी सन्तान के भविष्य के लिए ही नहीं अपने भविष्य की भी सुदृढ योजना बनाये।

तोड़ दी जंजीरें बेमेल विवाद एवं तलाक की समस्या पर आधारित कथा है, सम्पन्न परिवार से आया रिश्ता आज भी मां–बाप ठुकरा नहीं पाते, ससुराल पक्ष भी शादी से पहले लड़की के खुले खाने, पहनने, ओढ़ने, घूमने–फिरने और काम करने की आजादी पर छद्म उदारता दिखाता है, लेकिन बेटे की चाह मेंकन्याभ्रूण हत्या के जघन्य अपराध से भी उन्हें गुरेज नहीं, इन्हीं यंत्रणाओं से गुजरी नायिका अपनी बेटी को बचाने के लिए शादी की जंजीरें तोड़ देती है।

संग्रह की शीर्षक कहानी अहसासों की इबारत एक अधूरी प्रेम कथा है, प्रेम मुक्कमल नहीं हो तो भी तो प्रेमी अपने–अपने जीवन में खुशहाल रह सकते हैं, पवित्र प्रेम मिलन का मोहताज़ नहीं, प्रेम एक अहसास की इबारत है, अक्षर है जो न मरता न ही मरने देता है। 'उन्नत बीज' एक ऐसी कहानी है जो संग्रह की अन्य कहानियों से बिलकुल अलग है किसी रूपक जैसी, और इस संग्रह में अप्रासंगिक सी लगती है।

कुल मिला कर यह बेहद मन भावन एवं रोचक कहानी संग्रह है, लेखिका की सहज सरल एवं सुग्राही भाषा शैली पाठकों के हृदयतल को छूने में सक्षम है, यह संग्रह न केवल समाज का आईना है, अपितु यह समाज को दिशा भी देता है, हमारी सोच और मान्यताओं को बलवती करता है।

भावो, तत भवति यानी आप वही बन जाते हैं जो आप मानते हैं।

**लेखिका–रतना कौशिक**
**समीक्षक: अनिल कौशिक 'विश्वमित्र'**

# ग्राम पंचायत नेतेवाला में आम गलियों में जाली पट्टे जारी किये, जनसुनवाई में पीड़ा बताई

- **बुजुर्ग हेतराम ने कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपनी पीड़ा बताई**
- **दिसंबर 2019 में जिला प्रभारी मंत्री को भी जनसुनवाई में पीड़ा बताई थी, लेकिन आज तक न्याय नहीं मिला**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। बुजुर्ग हेतराम कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपनी पीड़ा बताने आए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत नेतेवाला का दो बार वर्ष 1978–80 व 1995 से 2000 में सरपंच भी रह चुका हूं। गांव में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए वर्ष 2018 से लेकर आज तक कई बार जिला प्रशासन तक फरियाद कर चुका हूं। यहां तक कि 3 दिसंबर 2019 को जिला प्रभारी मंत्री को भी जनसुनवाई में अपनी पीड़ा बताई थी, लेकिन आज तक न्याय नहीं मिला है। जनसुनवाई के यही हाल रहे तो तय मानिए कि आने वाले समय में लोग फरियाद लेकर आना ही बंद हो जाएंगे, जनसुनवाई से भरोसा उठ जाएगा।

उन्होंने कलेक्टर डॉ. मंजू को बताया कि नेतेवाला में आम गलियों में जाली पट्टे बनाकर कब्जा करवा दिया गया है। प्रभारी मंत्री के निर्देश पर जांच ग्राम विकास अधिकारी द्वारा की गई थी, जो निष्पक्ष नहीं थी। इसके बाद कई बार उच्चाधिकारियों को जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, लेकिन न जांच हुई न कार्रवाई। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि दो बार सरपंच रहे व्यक्ति को ही न्याय नहीं मिल रहा तो आम लोगों की क्या स्थिति होती होगी। 3ई छोटी को शहरी सीमा में शामिल तो कर लिया, लेकिन गंदगी उठाने कोई नहीं आ रहा। शिवनगर जन सेवा समिति का शिष्टमण्डल समिति अध्यक्ष गुरजंट सिंह के नेतृत्व में जनसुनवाई में कलेक्टर से मिला। बताया कि ग्राम पंचायत 3ई छोटी के परिसीमन के उपरांत नगर परिषद श्रीगंगानगर के क्षेत्र में सम्मिलित तो कर लिया गया। लेकिन सफाई व्यवस्था और कचरा उठाव के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं। लिहाजा जगह–जगह गंदगी के ढेर लग चुके हैं। इस पर कलेक्टर ने नगर परिषद एक्सईएन को सफाई करवाने के निर्देश दिए।

चक 5 बी निवासी 87 साल के बुजुर्ग रिछपाल सिंह का कहना है कि उसकी कृषि भूमि मुरब्बा नंबर 20 में 15 बीघा, मुरब्बा नंबर 16 में 7 बीघा 10 बिस्वा, मुरब्बा नंबर 13 में 2 बीघा 10 बिस्वा, मुरब्बा नंबर 17 में 3 बीघा कृषि भूमि है। मुरब्बा नंबर 16,13,17 की बारी मुरब्बा नंबर 16 में एकट्ठी बंधी हुई है। जल उपभोक्ता संगम के अध्यक्ष ने प्रार्थी को नुकसान पहुंचाने के लिए बारियां अलग–अलग कर क्रमशः 13,17 व 16 में अलग–अलग कर बांध दी। ताकि उसकी बारियां और समय बर्बाद हो जाए। अधीक्षण अभियंता की ओर से भी पूर्व की भांति बारी एकट्ठा करने के आदेश दिए गए, लेकिन पालना आज तक नहीं हुई। इतना ही नहीं अध्यक्ष ने अपने पिता के लिए मुरब्बा नंबर 16 के किला नंबर 16–25 की डोली (बट) पर अतिरिक्त नाका 4 अप्रैल 2025 को स्वीकृत करवा लिया है। इस संबंध में हर स्तर पर शिकायतें की गई, लेकिन राहत आज तक नहीं मिली। लगभग ऐसी ही पीड़ा अन्य फरियादियों की थी।

जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में हुई। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मंजू ने कहा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार परिवेदनाओं का निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए। जनसुनवाई में प्राप्त 120 प्रकरणों पर चर्चा की गई। वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव सुंधाश पंत ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद सतर्कता समिति की बैठक में समस्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर ज्यादा अवधि तक प्रकरण लम्बित नहीं रहें। इस अवसर पर एडीएम सतर्कता रीना, जिला परिषद सीईओ गिरधर, एएसपी रामेश्वर लाल, नगर विकास न्यास सचिव अशोक असीजा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व पार्षद सुनीता इंदौरा, कश्मीरी लाल इंदौरा, अमित खन्ना, विनोद पंवार सहित अन्य ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि प्रार्थी वार्ड 62 के निवासी हैं। परिसीमन पर हमें एतराज है, क्योंकि वार्ड 62 का कुछ हिस्सा काटा जा रहा है। दूसरे वार्ड का हिस्सा जोड़ने से वार्ड में सुधार कार्य में परेशान होगी। ऐसे में परिसीमांकन से पहले वार्डवासियों, पूर्व पार्षदों की बात भी सुनी जाए। अनिल कुमार बिश्नोई, सतनाम सिंह, थाना सिंह, सज्जन सिंह, बलदेव सिंह बराड़ आदि ने ज्ञापन के जरिए अवगत कराया कि ग्राम पंचायत 4 जैड के आबादी क्षेत्र में ऑफिसर कॉलोनी (मुरब्बा नंबर 69), तीन पुली को नगर परिषद से वंचित कर दिया गया। जबकि इस क्षेत्र की दूरी महज 1 किलोमीटर ही है। यूआईटी पट्टे जारी करती है। मूलभूत सुविधाएं भी निकाय से उपलब्ध करवा रहे हैं।

# जेईई–मेन अप्रैल सेशन की एनटीए ने संसोधित फाइनल आंसर–की जारी की

- **17 अप्रैल की आंसर-की में दो सवालों के जवाब वापस लिए**
- **रिवाइज्ड आंसर-की में दो नए सवालों के जवाबों में बदलाव किया**

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शुक्रवार दोपहर जेईई–मेन अप्रैल सेशन की रिवाइज्ड फाइनल आंसर–की जारी कर दी गई। इससे पूर्व गुरुवार को जेईई–मेन अप्रैल सेशन की आंसर–की जारी की गई थी, जिसे करीब दो घंटे बाद ही वापस ले लिया गया था। अब पुनः जारी की गई रिवाईज्ड फाइनल आंसर–की में भी 11 सवालों के जवाबों में बदलाव किया गया है।

इसमें सबसे ज्यादा फिजिक्स में 6, मैथ्स में 3 और 2 केमेस्ट्री के सवालों के जवाबों में बदलाव किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक 5 सवालों के जवाब 3 अप्रैल को बदले गए, जिसमें 4 सवाल मॉर्निंग तथा एक सवाल इवनिंग शिफ्ट से था।

रिवाइज्ड फाइनल आंसर–की के अध्ययन के आधार पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि रिवाईज्ड फाइनल आंसर–की में 2 सवालों के जवाब ऐसे हैं, जो 17 अप्रैल को जारी की गई फाइनल आंसर–की में बदले गए थे, लेकिन अब उन्हें वापस ले लिया गया है। इसमें 3 अप्रैल को मॉर्निंग शिफ्ट में फिजिक्स और 4 अप्रैल को इवनिंग शिफ्ट में फिजिक्स के सवाल के जवाब में 17 अप्रैल को जारी की गई फाइनल आंसर–की में करेक्शन किया गया था, जिसे रिवाईज्ड फाइनल आंसर–की में वापस ले लिया गया। इन सवालों के जवाब बदले–2 अप्रैल को मॉर्निंग शिफ्ट में मैथ्स के सवाल के जवाब में बदलाव किया गया है।

वहीं 3 अप्रैल को मॉर्निंग शिफ्ट के फिजिक्स के सवाल को ड्रॉप किया गया, इसी शिफ्ट में फिजिक्स तथा कैमेस्ट्री के सवाल के जवाब बदले गए हैं। इसी तरह 3 अप्रैल को इवनिंग शिफ्ट मैथ्य के एक सवाल के दो जवाब का विकल्प दिया गया है। 4 अप्रैल को मॉर्निंग शिफ्ट में फिजिक्स, इसी शिफ्ट में फिजिक्स के ही एक अन्य सवाल में दो जवाबों का विकल्प दिया गया है। इसी तरह 4 अप्रैल को इवनिंग शिफ्ट में फिजिक्स के सवाल के जवाब में बदलाव किया गया है। 7 अप्रैल को मॉर्निंग शिफ्ट में मैथ्स और फिजिक्स के एक–एक सवाल के जवाब बदले गए हैं। 8 अप्रैल को इवनिंग शिफ्ट में कैमेस्ट्री के सवाल के जवाब में बदलाव किया गया है।

# स्कूल शिक्षक ने मासूम बच्चे की बेरहमी से पिटाई की

- **आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने पर स्कूल टीचर ने मासूम बच्चे को मारा**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के जहाजपुर क्षैत्र के हनुमान नगर थाना क्षेत्र से एक घटना सामने आई है, जहां एक स्कूल टीचर ने आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने पर एक मासूम बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। बच्चे के परिजनों का कहना है कि मारपीट इतनी क्रूर थी कि डर के मारे बच्चे की पैंट में शौच निकल गई और उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान भी आए हैं। पीड़ित बच्चे के पिता चैन सिंह मीणा ने हनुमान नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

उन्होंने बताया कि उनका बेटा आवासीय कॉलोनी में अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। खेल के दौरान पास ही लगे आम के पेड़ से बच्चों ने कुछ कच्चे आम तोड़ लिए, जिससे नाराज़ होकर पास में ही रहने वाले टीचर ने उनके बेटे को पकड़ लिया और अपने घर ले जाकर बांधकर बेरहमी से पीटा। चैन सिंह का आरोप है कि पिटाई इतनी जोरदार थी कि बच्चा डर के कारण शारीरिक संतुलन खो बैठा। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि बच्चे के शरीर पर गहरे चोट के निशान हैं। हनुमान नगर थाना अधिकारी गणेश राम ने जानकारी दी कि पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे का मेडिकल चेकअप कराया, जिसमें मामूली चोटें पाई गई हैं। टीचर के घर पर पुलिस की एक टीम भेजी गई थी, लेकिन आरोपी टीचर मौके पर नहीं मिला। उसके परिजनों को थाने बुलाया गया है और मामले की जांच जारी है।

# पोषाहार के चावल में इल्लियां मिली, प्राथमिक स्कूल का हैड मास्टर सस्पेंड

- **डीईओ एलीमेंट्री अचानक स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे**

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के नवलगढ़ उपखंड के डूमरा गांव की राजकीय प्राथमिक विद्यालय घीसा की ढाणी के हैड मास्टर पवन कुमार को डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने सस्पैंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका अचानक स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने जब पोषाहार चैक किया तो पोषाहार के उपयोग में आने वाले गेंहू की मात्रा कम और चावल की मात्रा ज्यादा मिली, जिससे पोषाहार में पोषक आहार में अनियमितता सामने आई। इसके अलावा चावल में इल्लियां भी मिली। वहीं मिड–डे मील के वाउचर भी संदिग्ध मिले। इसके बाद जब ढाका ने स्कूल के स्टोर को खंगाला तो उनकी भी आंखें फटी की फटी रह गई। वहां पर विद्यार्थियों को बांटी जाने वाली एवीएल किट बंद कार्टून में मिली। एक कार्टून खुला हुआ मिला तो उसमें भी किट का उपयोग किया हुआ नहीं मिला। इस मामले में जब हैडमास्टर से पूछा गया तो वो संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। हैड मास्टर की लापरवाही यही पर खत्म नहीं हुई। स्कूल के बच्चों के लिए आई खेल सामग्री भी पैकेट बंद ही मिली। कैश बुक में पिछले एक साल से एसएमसी अध्यक्ष के साइन नहीं मिले, जबकि हर माह होने वाली बैठक के बाद कैश बुक में एसएमसी अध्यक्ष का अनुमोदन अनिवार्य है। ढेर सारी लापरवाही मिलने पर डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने हैड मास्टर पवन कुमार को सस्पैंड कर उसका मुख्यालय सीबीईओ खेतड़ी कर दिया। डीईओ ने बताया कि यह स्कूल कक्षा एक से पांच की है। जहां पर कक्षा पांच के बच्चे परीक्षा होने के कारण नहीं थे। वहीं एक से चार तक के बच्चे पढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि जो अनियमितताएं मिली है। उसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भिजवा दी गई है। सोमवार को जांच कमेटी बनाकर पूरे मामले, अनियमितता और लापरवाही की विस्तृत जांच करवाई जाएगी। मिड–डे मील के लिए लाए गए सामान के वाउचर भी संदेह के घेरे में है। संबंधित फर्मों से जानकारी जुटाई जाएगी।

## सार-समाचार

### 'राणा सांगा राष्ट्रीय चेतना व अस्मिता के महापुरुष थे'

**कोटा,** (निसं)। भारतीय संकलन समिति के तत्वावधान में राजकीय संग्रहालय किशोर सागर कोटा में राणा सांगा की राष्ट्रीय चेतना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसके मुख्यवक्ता प्रो.अरविन्द सक्सेना। मुख्यातिथि प्रो.डी.पी. त्रिपाठी एवं अध्यक्षता प्रो आदित्य कुमार गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरविंद सक्सेना ने महाराणा सांगा की राष्ट्रीय चेतना का उल्लेख करते हुए बताया कि महाराणा सांगा प्रथम राष्ट्रीय महान योद्धा थे जो समस्त राजपूत शासकों को विदेशी आक्रांता से संघर्ष के लिए एक साथ लेकर आए। वर्तमान समय में समाज कंटकों द्वारा भारत के महान शासक और योद्धा के लिए जो भ्रांतियां उत्पन्न की जा रही हैं, उनको प्रोफेसर अरविंद सक्सेना ने तार्किक और संगत संदर्भों के साथ दूर किया। उन्होंने बताया किसी भी तत्कालीन भारतीय ग्रंथ में राणा सांगा के द्वारा बाबर को आमंत्रित करने का कोई प्रमाण प्राप्त नहीं होता है।। प्रोफेसर त्रिपाठी ने राणा सांगा के चारित्रिक जीवन का उल्लेख किया। उन्होंने बताया की राणा सांगा ने एक हिंदू सूर्य योद्धा की तरह युद्ध लड़े और सल्तनत के शासक इब्राहिम लोदी को वह पहले भी परास्त कर चुके थे। इस प्रकार के वीर योद्धा के द्वारा किसी बाहरी मुगल को भारत में आमंत्रित करने के लिए बुलाने की बात कोई तर्क संगत नहीं लगती। अध्यक्ष प्रो.गुप्ता ने कहा कि राणा सांगा भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वे महान राष्ट्रभक्त योद्धा थे।

### कमल अध्यक्ष, कपिल सचिव निर्वाचित

**कोटा,** (निसं)। सिंधु यूथ सर्कल कोटा के 2025-26 सत्र के चुनाव संपन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी जितेंद्र साधवानी, अशोक आहूजा एवं देवेंद्र कटारिया रहे। चुनाव अधिकारियों ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष के रूप में कमल खत्री, सचिव कपिल सेवानी को चुना गया जबकि उपाध्यक्ष हितेश दयानी, कोषाध्यक्ष शंकर लेखवानी, सह-सचिव दीपक थदानी, सांस्कृतिक सचिव तरूण चेनानी, पंकज हरचंदानी, आकाश धनवानी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। चुनाव में दीपक राजानी पैनल के कमल खत्री, सहित उनकी टीम ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल खत्री ने कहा कि सिंधु यूथ सर्कल को आगे बढ़ाने के लिए सभी का सहयोग लिया जाएगा और समन्वय का भाव रखते हुए समाज सेवा में अग्रणी कार्य किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष दीपक राजानी ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही शिक्षा, चिकित्सा एवं धार्मिक क्षेत्र में भी कार्य किया जाएगा। राजानी ने बताया कि सिंधु यूथ सर्कल जल्द ही पक्षियों के लिए परिंडे बांधने एवं पशुओं के लिए पानी की टंकी इस भीषण गर्मी में शीघ्र ही रखेगा जिससे मूक-प्राणियों की प्यास को बुझाया जा सकें। इस अवसर पर संरक्षक हितेश दासवानी, सलाहकार योगेश रोहिड़ा ने सभी का आभार जताया।

### एमबीसीए प्रीमियर लीग सीजन-1 का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में एमबीसीए प्रीमीयर लीग सीजन-1 पावर्ड बाय एलेन करियर इंस्टीट्यूट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके आयोजन में चंबल मोटर्स, तमिल भवन, राज स्टेशनरी, डेकथेलोन, मालवीय स्पोर्ट्स, श्री श्याम ऑप्टिकल, बिंद-बिंदणी सैलून का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी के संयोजक अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले मैच राइजिंग स्टार्स बनाम लवीश सुपर किंग्स में राइजिंग स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अथर्व गोयल के 78 रन, विवान सोमानी के 44 रन, गौरेश के 25 रन की सहायता से 248 रन का बड़ा स्कोर बनाया। सुपर किंग्स टीम की ओर से अभ्युदय सिंह, ओजस्वी पाण्डेय ओर अर्जुन भाटिया ने एक एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर किंग्स टीम 143 रन बना सकी जिसमें बल्लेबाजी करते हुए धर्मेश ने 42 रन और अभ्युदय ने 26 रन बनाए। स्टार्स टीम की ओर से विवान सोमानी ने 2 विकेट तथा जोए मेढ़तवाल, गौरेश, तक्ष जैन, चैतन्य ने एक-एक विकेट लिया। स्टार्स ने यह मैच 105 रन से जीत लिया।

### परिंदों के लिए परिंडे बांधे

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता की अगुवाई में जीएडी सर्किल पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। पंकज मेहता ने परिंदों के लिए पेड़ पर परिंडे बांधने का अभियान शुरू किया और आव्हान किया कि जहां भी पक्षियों की ज्यादा आवाजाही रहती है, वहां उनके दाना और पानी की व्यवस्था करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। पंकज मेहता ने कहा कि भीषण गर्मी में पशुओं के लिए भी पानी की टंकियां रखी जाएंगी साथ ही उनमें नियमित देखरेख करते हुए पानी भरा जाएगा। पार्षद मामा चौधरी ने बताया कि वार्ड में पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे भाजपा नेता पंकज मेहता के सानिध्य में लगाए गए और नियमित पानी भरने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर समाजसेवी दुष्यंत सिंह गहलोत, अंकित श्रृंगी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, राकेश गोस्वामी, देवेन्द्र मामा, भगत गोस्वामी, ललित शर्मा, संदीप मेवाड़ा, उमंग चतुर्वेदी, राहुल शर्मा, हिमांशु बादल, आदित्य, दीपक गोस्वामी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। समग्र दिगम्बर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था, कोटा प्रांत द्वारा 20 अप्रैल 2025 (रविवार) को एक विशेष नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर श्री पुण्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, नर्सियांजी, दादाबाड़ी परिसर में आयोजित होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों को हृदय एवं अस्थमा रोगों के प्रति जागरूक करना व उनके लिए विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना है। संस्था के महामंत्री राजेन्द्र जैन ताथेडिया ने जानकारी दी कि इस शिविर में विश्वविख्यात मेदांता हॉस्पिटल, मेडिसिटी, गुड़गांव से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पहुंच रही है।

### जल सेवा का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाईड्स के कोटा यूनिट द्वारा शुक्रवार को रेलवे स्टेशन कोटा पर जल सेवा का शुभारंभ किया गया। यह जल सेवा वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (सामान्य) एवं जिला आयुक्त (स्काउट) धर्मेन्द्र कस्तवार के निर्देशन में द्वारा किया गया। जिसमे स्टेशन निर्देशक एन.के.मीना, स्काउट एवं गाईड के रोवर, रेंजर और लीडर्स भी उपस्थित रहे। गर्मी के मौसम में यात्रियों को यात्रा के दौरान भीषण गर्मी से बचाव हेतु पीने का पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कोटा मंडल पानी पिलाने के कार्य किया जा रहा है।

### हज ट्रेनिंग व वैक्सीनेशन शिविर कल

**कोटा,** (निसं)। जिला हज कमेटी कोटा की द्वारा दरगाह जंगली शाह बाबा कैंपस में 2025 में हज जाने वाले लोगों का हज ट्रेनिंग व टीकाकरण कैंप सुबह 8 बजे सै दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा जिसमे सभी हाजियों को टीका लगेगा और उनको हज के मुताल्लिक ज़रुरी बातें बताई जाएगी। कैंप में सभी हज यात्रियों की उपस्थिति, टीकाकरण अनिवार्य है इसीलिए सभी हज यात्री अपने साथ एक रंगीन फोटो, कवर नम्बर का लेटर, व चल रही दवाई के पर्चे जरूर साथ लेकर समय से कैंप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाए।

### सेन जयंती की व्यापक तैयारियां

**छबड़ा** (निसं)। सेन समाज द्वारा 25 अप्रैल को सेन जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वही, जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। अध्यक्ष रामस्वरूप सेन ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे गायत्री मंदिर से शोभायात्रा शुरू होगी, जो मुख्य मार्ग से होती हुई चौधरी मोहल्ले में स्थित श्यामा महाराज मंदिर पर पहुंचेगी। यहां महाआरती कर शंकरझरी मंदिर पर प्रसादी वितरण की जाएगी। इस आयोजन के लिए समाजबंधु गांव-गांव पहुंचकर प्रसार प्रसार किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में बाइक चोरी के साथ साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी होने लग गई है। तीन दिन पूर्व चोरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली का आज तक सुराग नही लग सका है। रामदयाल मीना ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 15 अप्रैल को कृषि कार्य के बाद गणपति नगर स्थित मकान के सामने ट्रेक्टर ट्रॉली खड़ा कर सो गया था, मध्यरात्रि को आकर देखा तो ट्रैक्टर ट्रॉली गायब थे, जिन्हें अज्ञात चोर चुरा कर ले गए।

# श्रमिकों को मिले गुणवत्तापूर्ण उपचार, विस्तार की कार्ययोजना बनें : स्पीकर बिरला

■ स्पीकर बिरला और मंत्री करंदलाजे ने की ईएसआई अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा



**कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने ईएसआईसी अस्पताल का दौरा किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की है।**

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शुक्रवार को झालावाड़ रोड़ स्थित ईएसआईसी अस्पताल का दौरा किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, ओपीडी-आईपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

स्पीकर बिरला ने कहा कि श्रमिकों को उच्चस्तरीय और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध हों, जिससे उन्हें अपनी जेब से खर्च ना करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में बेड क्षमता को 60 से 200 तक बढ़ाने और मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर विकसित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि लगभग 80 हजार पंजीकृत श्रमिक परिवारों का डिजिटल रिकॉर्ड अस्पताल प्रशासन के पास हो, ताकि उन्हें तकनीक आधारित मुफ्त इलाज की जानकारी मिल सकें।

बिरला ने चिंता जताई कि बड़ी संख्या में श्रमिक ऐसे हैं, जिन्हें ईएसआईसी की योजनाओं और लाभों की पूरी जानकारी नहीं होती। इस कारण वे कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि श्रमिक और मेहनतकश वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो इस उद्देश्य के साथ अस्पताल को केंद्र सरकार को सुपुर्द किया गया है। कोटा संभाग सहित आस-पास के जिलों के हजारों श्रमिक इस अस्पताल से लाभान्वित होते हैं, इसलिए इसकी क्षमता और चिकित्सा व्यवस्था को लगातार उन्नत किया जाना आवश्यक है।

**डॉक्टर्स की कमी का करेंगे समाधान:-** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या कम होने के कारण कुछ ऑपरेशन की दर अपेक्षाकृत कम है। इस विषय पर गंभीरता से विचार कर समाधान करेंगे। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सरकार श्रमिकों को निकटतम ईएसआई केंद्रों पर भी नि:शुल्क और आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत भी श्रमिकों को चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

**उद्योग नगर डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया:-**श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री ने उद्योग नगर स्थित नए ईएसआई अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को बिजली और पानी के कनेक्शन शीघ्र जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्घाटन शीघ्र ही किया जाएगा। इससे कोटा क्षेत्र में श्रमिकों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा विस्तार होगा और यह सेवा का नया केंद्र बनेगा।

**अस्पताल परिसर में किया पौधारोपण:-**निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री करंदलाजे ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए यह आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण हो। इस दौरान भाजपा शहर अध्यक्ष राकेश जैन, ईएसआईसी के चिकित्सा एवं कार्मिक विभाग से जुड़े अधिकारीगण एवं अखिल राजस्थान ईएसआई सेवारत चिकित्सक संघ के महासचिव डॉ. दुर्गाशंकर सैनी उपस्थित रहे।

## एलन स्थापना दिवस पर सुंदरकांड और हेल्थ चेकअप कैम्प

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की स्थापना के 37 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्थान की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य रूप से शहर के 4 कैम्पस में सुंदरकांड और एक कैम्पस में हेल्थ चेकअप-कैंप लगाया गया। एलन समुन्नत कैम्पस, जवाहर नगर, एलन समर्थ कैम्पस, इन्द्रविहार, एलन संज्ञान कैम्पस कुन्हाड़ी एवं एलन सुपथ नया नोहरा में सुंदरकांड पाठ किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ में फैकल्टीज व स्टाफ शामिल हुए। एलन समर्थ कैम्पस में निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी तथा एलन सुपथ कैम्पस में निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने पूजा कर सुंदरकांड पाठ शुरू करवाया। एलन फैकल्टीज व कर्मचारियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप जवाहर नगर स्थित सत्यार्थ कैम्पस में लगाया गया। यहां 11 से 2 बजे तक विभिन्न स्पेशलिटी के चिकित्सकों ने सेवाएं दी। यहां एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी और डॉ.नवीन माहेश्वरी पहुंचे और चिकित्सकों का सम्मान किया गया। कैंप में 200 से अधिक लोगों को निशुल्क परामर्श दिया गया। सेवाएं देने वाले चिकित्सकों में डॉ.एस के गोयल, डॉ.सीमा सीमा गोयल, डॉ.विशाखा गुप्ता, डॉ.योगेश गौतम, डॉ.रूपेश पंवार, डॉ.प्रमोद नागर और डॉ.सी के शर्मा ने सेवाएं दी। इस अवसर पर ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, बोन डेंसिटी, शुगर, हार्ट रेट, आई चेकअप, हाइट, वेट और एसपीओ-2 की नि:शुल्क जांच की गई।

## अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मेट्स पर कुश्ती के मुकाबले होंगे

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई एण्डो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के मुकाबले अन्तरराष्ट्रीय स्तर की फोल्डेक मेट्स पर खेले जाएंगे। यह मेट्स शुक्रवार को जयपुर से कोटा पहुंच गईं। उधर, राष्ट्रीय कुश्ती संघ से भी पदाधिकारी शनिवार को कोटा पहुंच जाएंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष आई.के.दत्ता ने बताया कि कोटा में पहली बार हो रही अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता को खिलाड़ियों के विस्मरणीय अनुभव बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत अन्तरराष्ट्रीय स्तर की मेट्स पर मुकाबले करवाने का निर्णय लिया गया है। मुकाबलों के लिए तीन मेट और पहलवानों के वार्मअप मेट कोटा पहुंच गए हैं, जिन्हें शनिवार को स्थापित कर दिया जाएगा।

आयोजन सचिव तेजेंद्र सिंह बराड़ ने बताया कि राष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता शनिवार को कोटा पहुंच जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय कुश्ती संघ की ओर से नियुक्त कम्पटीशन डायरेक्टर वी.एन. प्रसूत भी शनिवार को कोटा पहुंच जाएंगे। देश के विभिन्न प्रदेशों से कुश्ती संघ के पदाधिकारियों के भी शनिवार को ही पहुंचने की संभावना है।

पांच प्रदेशों की टीमें पहुंची कोटा:- अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमों के कोटा पहुंचने का सिलसिला शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। केरल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, ओडिशा और तेलंगाना की टीमें शुक्रवार को कोटा पहुंच गईं। शेष सभी टीमें शनिवार को कोटा पहुंच जाएंगी। इस सब पहलवानों की व्यवस्था चम्बल हॉस्टल एसोसिएशन की ओर से लैंडमार्क सिटी में की गई है।

अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवान, कोच, मैनेजर्स और कुश्ती संघ के पदाधिकारियों को राजस्थान की संस्कृति और परम्पराओं की झलक भी देखने को मिलेगी। पर्यटन विभाग ने इसके लिए विशेष तौर पर प्रदेश भर से कलाकारों को कोटा भेजा है।

## रामगंजमण्डी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र की ईडी एवं अन्य संस्थाओं के राजनीतिक दुर्भावना से ग्रस्त होकर कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध हो रही कार्यवाहियों के खिलाफ रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक ए और बी की और से भी शुक्रवार को सुबह शहीद पन्नालाल चौराहा बाजार नम्बर 3 में संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बदनीयती से ईडी द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के खिलाफ रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ए और बी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयंदा ने कहा केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई, इनकम टेक्स आदि संस्थाओं को अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने और विपक्ष को दबाव में लेने के लिए कर रही है। ईडी को भी पिंजरे का तोता बना दिया गया है जैसे ही किसी मुद्दे पर विपक्ष मजबूत दिखता है या किसी राज्य में चुनाव होते है ईडी की कार्यवाहियों शुरू हो जाती है यह संयोग नहीं योजना से किया जाता है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ खड़ा है, हम ईडी की कार्यवाहियों की निंदा करते है।

ब्लॉक ए अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने कहा कांग्रेस नेताओं पर दुर्भावनापूर्ण ईडी कार्यवाहियों को देश देख रहा है और इससे आमजन के अंदर संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान में कमी आ रही है। यह देश के लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे वही संविधान को बचाने के लिए आव्हान करते दिखे। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयंदा, हेमंत तिवारी के अलावा ब्लॉक कांग्रेस के संगठन महामंत्री कमल गुर्जर, ब्लॉक उपाध्यक्ष सईददुद्दीन भैय्या, जहांगीर खान, लक्ष्मण सिंह बबलू महासचिव नारायण मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य रेखा बामी ,पूर्व सरपंच सुकेत प्रहलाद राठौर, शांति अहिंसा विभाग के संयोजक सत्यनारायण खटीक, ब्लॉक सचिव अशरफ अली, मनीष पारेता, इरफान सैयद रंगरेज, ब्लॉक प्रवक्ता चतुर्भुज अहीर, रजनीश मेहरा, असंगठित मजदूर यूनियन अध्यक्ष सुनील मेहरा, जसवंत मीणा खैराबाद, सुरेश माली, पृथ्वीराज यादव, सुरेश बागरी व रईस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंबल में जल सत्याग्रह किया



**कोटा में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंबल मे जल सत्याग्रह करके विरोध दर्ज कराया है।**

**कोटा,** (निसं)। नेशनल हेराल्ड मामले मे ईडी द्वारा सोनिया गांधी एव लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्यवाही के विरोध मे राजस्थान युवा कॉंग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ सचिव यश गौतम के नेतृत्व में युवा कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा भीतरीया कुंड स्थित चंबल नदी मे जल सत्याग्रह किया गया।

यश गौतम ने बताया कि जिस नेशनल हेराल्ड के मामले मे ईडी द्वारा चार्जशीट पेश की गई है उसमे मनी लॉन्ड्रिंग का चार्ज लगाया गया है जबकि उस मामले मे एक पैसे का भी लेन-देन नहीं हुआ है। ना किसी प्रॉपर्टी का ट्रांसफर हुआ है। पूरा देश यह जान चुका है कि यह कार्यवाही भाजपा के इशारे पर की गई है। जिस प्रकार राहुल गांधी देश के युवाओं एवं हर वर्ग कि आवाज बनने का काम कर रहे है।

महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य जनहित के मुद्दे उठा रहे है उससे भाजपा घबराई हुई है। लोकसभा से ध्यान भटकाना भी भाजपा का उद्देश्य है। इसी कारण भाजपा मोदी सरकार राजनैतिक प्रतिशोध व बदले की भावना से संविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है लेकिन कॉंग्रेस कार्यकर्ता इससे डरने वाला नहीं है। हम आखिरी साँस तक लड़ाई लड़ेंगे। हमारे नेता के साथ सभी कार्यकर्ता जेल जाने को भी तैयार है। भाजपा की जेलें छोटी पड़ जाएगी लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे।

इसमे मुख्य रूप से कृष्णा सिंगोर, लोकेन्द्र चौधरी, ललित मीणा, मोहित वाल्मीकि, रिद्धम शर्मा, यश मेढ़ा, लखन वर्मा, अभय चारण एव अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व धरोहर दिवस मनाया

**झालावाड़** (निसं)। पर्यटन विकास समिति ने शुक्रवार को विश्व धरोहर दिवस जलदुर्ग गागरोन के नदी तट पर एक संगोष्ठी कर मनाया। संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सहायक लेखाधिकारी प्रथम सालिगराम दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व धरोहर दिवस प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुडे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की पहल पर एक अंतर्राष्ट्रीय संधि की गई जो विश्व के सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के हेतु प्रतिबद्ध है। यह संधि सन् 1972 में लागू की गई। प्रारंभ में मुख्यत: तीन श्रेणियों में धरोहर स्थलों को शामिल किया गया पहले वह धरोहर स्थल जो प्राकृतिक रूप से संबद्ध हो अर्थात प्राकृतिक धरोहर स्थल, दूसरे सांस्कृतिक धरोहर स्थल और तीसरे मिश्रित धरोहर स्थल। वर्ष 1982 में इकोमार्क नामक संस्था ने ट्यूनिशिया में अंतर्राष्ट्रीय स्मारक और स्थल दिवस का आयोजन किया तथा उस सम्मेलन में यह बात भी उठी कि विश्व भर में किसी प्रकार के दिवस का आयोजन किया जाना चाहिए। यूनेस्को के महासम्मेलन में इसके अनुमोदन के पश्चात 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषणा की गई इससे पूर्व में 18 अप्रैल को विश्व स्मारक तथा पुरातत्व स्थल दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा थी समिति संयोजक ओम पाठक ने कहा कि विश्व धरोहर की इस सुन्दर दुर्ग विरासत को विश्व धरोहर में चयनित हुए 12 वर्ष हो गये परन्तु अभी तक जिला प्रशासन पर्यटन और पुरातत्व विभाग की ओर से यहाँ पर्यटकों के लिये मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवायी गई है।

## श्रीराम कथा शुरू

**बून्दी** (निसं)। नृसिंह आश्रम बाणगंगा बूंदी में शुक्रवार को 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। नृसिंह आश्रम से जुड़े भरत शर्मा ने बताया कि नृसिंह आश्रम बाणगंगा बूंदी में कथा व्यास श्री श्री 1008 घनश्यामदास आचार्य जी महाराज वृंदावन वालों के श्रीमुख में9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयेजन ठिकाना अंथडा के बद्री सिंह हाडा एवं राजेश बाई द्वारा करवाया जा रहा हैं। यह राम कथा 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयेजित होगी।


**पश्चिम मध्य रेल**

मुख्य कारखाना प्रबंधक
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं.: WRSKOTA-CAMC-WB-2025
दिनांक: 15.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र. माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य की ई निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या–WRSKOTA-CAMC-WB-2025 कार्य का विवरण–** माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में तीन वर्ष की अवधि हेतु इलेक्ट्रॉनिक स्टेटिक रेलवे ब्रिज का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध जिसमें विधिक माप विज्ञान विभाग, राजस्थान द्वारा अंशांकन/मुद्रांकन भी शामिल है।, **अनुमानित लागत रू. में.– रूपये 7,61,950.70/–, निविदा प्रपत्र राशि रू. में– निल, बयाना राशि रू. में– रूपये 15,200.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि– 36 माह, निविदा बंद/खोलने की तारीख और समय–** बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 07.05.2025 एंव खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक 07.05.2025, ई निविदा वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाईट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(हस्ता.)
उप मुख्य यांत्रिक इंजी–।
मा.डि.म. कारखाना, पमरे, कोटा जं.

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# अस्पताल की लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन




**कोटा में अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।**

**कोटा,** (निसं)। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी के ऑपरेशन थिएटर में मरीज के अटेंडेंट के ही चीरा लगा देने का मामला सामने आया था। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने जांच शुरू की है। इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता क्रांति तिवारी ने शुक्रवार को अस्पताल में अनूठा प्रदर्शन किया। मरीज के अटेंडेंट को एक आईडी कार्ड पहनाने का अभियान छेड़ दिया। इन कार्ड्स पर लिखा है 'मैं मरीज नहीं हूं'। कांग्रेस के इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मरीजों के अटेंडेंट को यह आईडी कार्ड पहनाए गए।

प्रदेश कांग्रेस सदस्य क्रांति तिवारी ने इस दौरान कहा कि इस तरह की लापरवाही अस्पताल में पहले भी हुई है गलत खून चढ़ा दिया गया और अब तो हद हो गई है कि मरीज के परिजन को ही ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर उसका ऑपरेशन शुरू कर दिया था। जिसे दूसरे चिकित्सकों के कहने पर यह रोका गया। इस लापरवाही पर अभी तक भी सरकार ने चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। जबकि बीते शासन में भाजपा के नेता लगातार ढोल बजाकर विरोध जता रहे थे।

क्रांति तिवारी ने यह भी कहा कि जांच रिपोर्ट के नाम पर लीपापोती हमेशा होती आई है। इस मामले में कोटा उत्तर विधायक और पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने भी सरकार को घेरा है। दूसरी तरफ मामले में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल और जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी सिंघल ने चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की थी। जिस अटेंडेंट के साथ यह घटना हुई है उसे मुआवजा देने की मांग भी की थी। इस मामले में महावीर नगर थाने में परिजनों ने एक परिवाद भी दिया था। इस प्रकरण में सीवीटीएस सर्जन डॉ राजेंद्र महावर का कहना कि मरीज के ओटी के बाहर चोट लग गई थी। इसकी मुझे जानकारी मिली थी। इसके बाद इन्हें ऑपरेशन थिएटर में स्टॉफ लेकर आ गया था। तब मैंने इनके टांके लगाकर ड्रेसिंग कर दी थी। इसके बाद इन्हें वापस वार्ड में भेज दिया था। डायलिसिस फिस्टुला बनाने की बात गलत है यह कुछ लोगों ने अफवाह उड़ा दी है।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोड़क द्वारा लोकहित में किए जा रहे कार्यों की श्रृंखला के तहत 17 अप्रेल गुरुवार को गांव बड़ोदिया कला में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

आयोजित शिविर मे मंगलम सीमेंट के डॉ. उमाशंकर सिंह एवं उनके स्वास्थ्य दल ने 55 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया। शिविर में खास कर सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द, पेट दर्द, कमर दर्द, गठिया, दाद, खुजली व ब्लड प्रेशर के मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।


**कार्यालय नगर पालिका कापरेन जिला बून्दी ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.का./2025/83 दिनांक:-17.04.25

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार आ. श्री सूरजमल जाति गोस्वामी निवासी जोश्या का खेडा कापरेन तह. के.पाटन जिला बून्दी (राज.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर श्री सत्यनारायण, कैलाश, हरिनारायण आ. श्री गणपतलाल जाति तेली निवासी कापरेन वार्ड नं. 7 जिला बून्दी (राज.) के नाम 69क के अंतर्गत पट्टा क्रमांक 363 दिनांक 28.03.2023 का जारी किया हुआ है। उक्त रजिस्टर्ड पट्टा शुदा मकान श्री राजेश कुमार आ. श्री सुरजमल को विक्रय कर दिया गया है। जिसका नामान्तरण स्वयं के नाम पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है। जिनके संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस में कार्यालय नगरपालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कापरेन

# कंटेनर व कार की भिड़ंत में दो जनों की मौत, चार गंभीर घायल

## कार में सवार होकर कुछ श्रद्धालु यूपी से खाटूश्यामजी जा रहे थे

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-11 ए पर स्थित हिंगोनिया मोड़ पर शुक्रवार को एक कंटेनर व कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई और चार जने घायल हो गए। सूचना पर दतवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

दतवास थानाधिकारी कालूराम ने बताया कि कार में सवार होकर कुछ श्रद्धालु यूपी से खाटूश्यामजी जा रहे

- **हादसे के बारे में पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी**

थे। हिंगोनिया मोड पर एक पार्सल कंटेनर ने उनकी कार के टक्कर मार दी, जिसमें घायलों को उपचार के लिए निवाई अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने लक्ष्मी (65) पत्नी



**गांव हिंगोनिया मोड़ के समीप कंटेनर व कार की भिड़ंत होने से कार क्षतिग्रस्त हो गई।**

मोहन कुमार गोयल निवासी राहुल गार्डन बहटा हाजीपुर लौनी थाना नहर जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व भगवानसिंह राजपूत (32) पुत्र राधेश्याम निवासी बदायूं थाना सहलमान को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर घायल खुशी तिवारी पुत्री राजेश तिवारी निवासी राहुल गार्डन बहटा हाजीपुर लौनी थाना नहर जिला गाजियाबाद उ.प्र., सुनील कुमार पुत्र चन्द्रपालसिंह निवासी नगला ब्रजलाल थाना खदौली जिला आगरा, रवि जाटव पुत्र मुंशीलाल जाटव निवासी सवाई एदमादपुर जिला आगरा उ.प्र. और बृजेन्दसिंह बघेल पुत्र चन्द्रपालसिंह बघेल निवासी गोपलपुरा थाना आगरा सदर उत्तरप्रदेश का चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सआदत अस्पताल टोंक रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कंटेनर को सुरक्षार्थ थाने पर लाकर खड़ा करवा दिया है।

**कुंए में गिरने से किसान की मौत :** निवाई के बरोनी थानान्तर्गत गांव देवअरनिया में शुक्रवार की सुबह 5 बजे एक किसान की कुंए में गिरने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि रामसहाय (65) पुत्र छोटू वैष्णव निवासी देवअरनिया अपने खेत पर रंजके की फसल को पानी पिलाने के लिए गया था।

इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे वह कुएं में गिर गया। कुएं मे डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकालकर सआदत अस्पताल टोंक में ले जाकर शव का पोस्टर्माटम करवाया और परिजनों को सौंप दिया।

# बुजुर्ग दंपती को धमकाकर 28 लाख रुपये व जेवर लूटे

## हुरनिया खेड़ा गांव में घर में घुसे बदमाशों ने तलवार व चाकू की नोक पर वारदात को अंजाम दिया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने हुरनिया खेड़ा गांव में एक घर में घुसकर तलवार व चाकू की नोक पर बुजुर्ग दंपती को डरा-धमकाकर घर में रखे 28 लाख रुपये व चांदी के जेवर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, हुरनिया खेड़ा निवासी मोहनलाल भील व उनकी

- **लूट की घटना से बुजुर्ग की पत्नी दहशत में आ गई, इसी के चलते उसकी हालत बिगड़ गई**

पत्नी लादी देवी (58) गांव के नजदीक ही खेत पर रहते हैं। बीती रात दंपती खेत पर बने मकान के बाहर सो रहे थे। देर रात करीब चार नकाबपोश बदमाश मकान में घुस आये और एक ने तलवार तो दूसरे के पास चाकू से दंपती को डराया-धमकाया और बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देने में जुट गये। दो बदमाशों ने मोहन लाल के मकान के कमरे में प्रवेश किया। इन दोनों ने कमरे में रखी कीमती वस्तुएं ढूंढना शुरु



**वृद्धा को उपचार के लिए एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया।**

किया। इस दौरान एक डिब्बे में रखे 28 लाख रुपये व चांदी की कनगती इन बदमाशों के हाथ लग गई, जिन्हें बदमाशों ने लूट लिया और वहां से फरार हो गये। लूटी गई राशि मोहन लाल भील की गणेशपुरा इलाके में करीब ढाई बीघा जमीन एक-दो महीने पहले ही सौदा कर प्राप्त की थी। जमीन के बदले मिले 28 लाख रुपये मोहन लाल ने अपने घर में सुरक्षित रख दिये थे। यह राशि बदमाश लूट ले गये।

मोहन लाल के दो बेटे रामेश्वर व सुरेश भील हैं, जो गांव के मकान में रहते हैं। खेत भी गांव के नजदीक ही है। वारदात के बाद मोहन ने अपने बेटों के साथ ही सदर थाना पुलिस को सूचना दी। घटना से मोहन लाल की पत्नी लादी देवी दहशत में आ गई। इसी के चलते उसकी हालत बिगड़ गई। लादी देवी को उपचार के लिए एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में जुट गई। फिल्हाल बदमाशों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है।

# संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम सुन्दरपुरा में एक 29 वर्षिय विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ससुराल वालों ने पीहर पक्ष को बिना सुचित किये ही महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर जब मामले का पता पीहर पक्ष को लगा तो पीहर पक्ष के लोग ग्राम सुन्दरपुरा पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी।

- **ससुराल वालों ने पीहर पक्ष को बिना बताये अंतिम संस्कार किया**
- **पीहर पक्ष की सूचना पर शमशान घाट पहुंची पुलिस, साक्ष्य जुटाये**

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, कोटपूतली थाना प्रभारी राजेश शर्मा, पनियाला थाना प्रभारी मोहर सिंह व सरूण्ड थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा मय जाप्ता शमशान घाट जहां विवाहिता का अंतिम संस्कार किया गया था वहां पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया, जहां पुलिस ने अहम साक्ष्य जुटाये। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका के भाई गजेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट में बताया है कि उसकी बहन स्नेहलता का विवाह वर्ष 2020 में सुन्दरपुरा निवासी महेन्द्र कसाना के साथ हुआ था, जिसके एक दो साल का बेटा है। उसकी बहन का पति सिमेन्ट फैक्टरी में काम करता है।

आरोप है कि ससुराल वाले उसकी बहन को शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके बारे में कई बार समझाइश की गई थी, लेकिन आखिर दहेज लोभियों ने उसकी बहन को मार कर जला दिया। रिपोर्ट में मृतका के भाई ने बताया है कि शुक्रवार को वह अपने बेटे की शादी का कार्ड बांटने के लिए रिश्तेदारी में गया हुआ था। सुबह करीब 8 बजे उनके रिश्तेदार का फोन आया जिसने बताया कि स्नेहलता की मौत हो गई। सुन्दरपुरा में चार-पांच लोग उसकी बहन का अंतिम संस्कार कर रहे है। इस पर करीब 9:30 बजे हम सुन्दरपुरा पहुंचे तब तक बहन का अंतिम संस्कार हो चुका था। मोक्षधाम में उन्हें कोई नहीं मिला। उसने बताया कि दो दिन पहले ही उसकी बहन से बात हुई थी। तब उसने भतीजे की शादी में जल्द लेकर जाने के लिए कहा था। साथ ही यह भी कहा था की ससुराल पक्ष के लोग उसे परेशान कर रहे हैं उन्हें भी समझायें। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर गंभीरता से मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# नकली चाय बनाने की फैक्टरी का खुलासा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** हिंगोटिया रोड पर चल रही नकली चाय फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। टाटा टी और माहेश्वरी टी कंपनी की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा और वृत्ताधिकारी संतराम मीना ने सुपरविजन किया। थानाधिकारी बनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फैक्टरी पर छापा मारा। फैक्टरी से टाटा टी (लाल घोडा) और माहेश्वरी टी कंपनी के नकली पैकेट बरामद किए गए। पुलिस को नकली पैकिंग के रैपर रोल और इलेक्ट्रिक पैकिंग मशीन मिली। तीन बडे बैगों में नकली चाय का पाउडर भी जब्त किया गया। टाटा टी कंपनी के प्रतिनिधि नरेंद्र

- **मौके से तीन बड़े बैगों में नकली चाय का पाउडर भी जब्त किया गया**

सिंह और सहयोगी गोविंद कसाना ने शिकायत दी थी। माहेश्वरी टी कंपनी के निदेशक गौरीशंकर परवाल ने भी सूचना दी थी। फैक्टरी मालिक राहुल वैष्णव और विमल जैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। राहुल अमरगढ़ चौकी का और विमल चूली गेट का रहने वाला है। दोनों आरोपी फरार हैं। मुकदमा संख्या 81/2०25 में धारा 318(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता और कॉपीराइट एक्ट की धारा 63, 65 के तहत मामला दर्ज हुआ है।

# श्रीगंगानगर में एक्सप्रेस-वे पर टैंकर से पेट्रोलियम पदार्थ लीक हुआ

## टैंकर के चार हिस्सों में 28,000 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था, इसमें से एक हिस्से का लगभग 7000 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ सड़क पर फैल गया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के राजियासर इलाके से गुजरने वाली अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस- वे हाइवे पर देर रात पेट्रोलियम पदार्थ से भरा एक भारी-भरकम टैंकर हादसे का शिकार हो गया। टैंकर में भरा पेट्रोलियम पदार्थ सड़क पर बहने लगा। सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों ने इसकी सूचना राजियासर पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर राजियासर पुलिस ओर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार टैंकर के चार हिस्सों में कुल 28,000 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था। इसमें से एक हिस्से का लगभग 7000 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ सड़क पर फैल गया। इससे सड़क पर अत्यधिक फिसलन हो गई। चारों तरफ पेट्रोलियम पदार्थ की बदबू फैल गई। मौके पर जाम लग गया। टैंकर चालक ने भारतमाला सड़क परियोजना के अधिकारियों को सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलते ही थर्मल चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मान मौके पर पहुंचे। आसपास के फायर ब्रिगेड

- **हादसे की जानकारी मिलते ही थर्मल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, फायर ब्रिगेड की टीमें घटनास्थल पर पहुंची**

कार्यालयों को तत्काल सूचना भेजी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई। रिसाव को नियंत्रित करने की कार्रवाई शुरू की गई। इसी दौरान भारतमाला परियोजना के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए टैंकर की साइड का पूरा आवागमन बन्द करवा ट्रैफिक डायवर्ट कर एक साइड का यातायात सुचारू रूप से शुरू करवाया गया। इस लीकेज की घटना के पीछे भारतमाला पर तेल चोरी की आशंका भी व्यक्त की जा रही हे। तेल माफिया द्वारा सड़क से गुजरने वाले वाहनों से पेट्रोलियम पदार्थ निकालकर डीजल पेट्रोल या केमिकल में मिलाकर डीजल पेट्रोल के रूप में बेचते हैं। पुलिस प्रशासन समय समय पर सड़क किनारे होटल ढाबों के बहाने अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सड़क किनारों से हटाती रहती है। इन्हीं ढाबों की आड़ में तेल चोरी का धंधा चलाया जाता है। इसके साथ ही अस्थाई होटल ढाबों पर कभी कभार होने वाली सख्ती का तोड़ भी तेल माफिया ने निकाल लिया है। अब तेल माफिया पिकअप गाड़ी का इस्तेमाल करने लगे हैं। टैंकर के राजियासर क्षेत्र में पहुंचते ही सड़क किनारे पिक अप में रखे ड्रम या टंकी में टैंकर की नोजल को उखड़कर उसमें से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी कर वापिस वेल्डिंग कर देते हैं। टैंकरों में से निकाली गई मात्रा के हिसाब से पानी या निम्न क्वालिटी का ज्वलनशील पेट्रोलियम पदार्थ वापिस भर देते हैं। फिर इसी 40 से 60 रुपए प्रति लीटर वाले तेल को पेट्रोल व्र डीजल के रूप में 80 से 100 रुपए में असली पेट्रोल डीजल टैंकरों से निकाला हुआ बताकर बेचते हैं।

# चोरी के आरोपी नौकर को सूरत से गिरफ्तार किया

**कोटा, (निसं.)।** गुमानपुरा पुलिस टीम ने दुकान में चोरी के मामले में दर्ज रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी नौकर अभिषेक पांचाल को सूरत गिरफ्तार किया है।

गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि 13 जनवरी को फरियादी राजेश जैन ने थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि गुमानपुरा इलाके के शॉपिंग सेन्टर में उसकी जैन सन एन्टरप्राईजेज ओके प्ले हाउस के नाम से दुकान है। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि दुकान पर काम करने के लिये उसने अभिषेक पांचाल को नौकरी पर रखा और दुकान की चाबियां भी उसके पास रहती थी। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 26 नबंवर 2024 की सुबह अभिषेक घर पर आया और घर से दुकान पर जाने की कहकर स्कूटी लेकर गया तथा दुकान से करीब एक लाख रूपये चोरी कर दुकान का शटर खुला छोड़कर चला गया। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

थानाधिकारी ने बताया कि फरार आरोपी मूल रूप से मध्यप्रदेश के उज्जैन का निवासी है जो चोरी की वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी की कॉल डिटेल व आसूचना के आधार पर आरोपी अभिषेक पांचाल (22) को हाल सूरत गुजरत से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# छापरवाड़ा नहर के पेटे में अधेड़ का जला हुआ शव मिला

## एक दिन पूर्व घर से निकला था अधेड़, परिजन उसे मानसिक रोगी बता रहे हैं

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थानान्तर्गत आखतडी से पारली की और जाने वाले रास्ते पर छापरवाड़ा नहर के पेटे में शुक्रवार को एक अधेड़ का जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई।

थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की सवेरे जरिये दूरभाष के छापरवाड़ा नदी के पेटे में एक अधेड़ का जला हुआ शव पड़ा होने की सूचना मिली। तत्काल मौके पर पहुंच शव को पुलिस सुरक्षा में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस उपाधीक्षक आशीष प्रजापत व जिला मुख्यालय से एफएसएल टीम एवं मोबाइल इन्वेस्टीगेशन टीम ने मौके पर पहुंच घटना स्थल से सौ मीटर की परिधि में कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने शव को सुरक्षा में ले मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। कई पहलूओं पर बारीकी से जांच करने व पूछताछ के आधार पर मृतक की पहचान किशन भील निवासी देशमा के रूप में की गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जले हुये शव की पहचान की। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा। मृतक के परिजनों से मिली जानकारी में बताया कि मृतक किशन लाल जो कि पिछले कुछ महिने से मानसिक रोग से ग्रसित था, गुरूवार की सवेरे एक धार्मिक स्थल पर दर्शन के पश्चात गांव लोटते समय किशन लाल परिजनों से छुड़ाकर भाग गया। जिसका कोई सुराग नहीं मिला। आज शुक्रवार को जरिये पुलिस के किशन लाल का शव मिला।

# नाबालिग बालिका दस्तयाब

**कोटा, (निसं)।** दादाबाड़ी थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग बालिका को मानव तस्करी विरोधी यूनिट टीम ने रायपुरा से दस्तयाब किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक, डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि दादाबाड़ी थाने में नाबालिग बालिका की गुमशुदी के आधार पर दर्ज रिपोर्ट पर बालिका की तलाश के लिये मानव तस्करी विरोधी यूनिट प्रभारी बबीता चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने लापता नाबालिग बालिका के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे गए। शहर एसपी ने बताया कि टीम आसूचना संकलन एवं तकनीकी संसाधनों के उपयोग से पलायनकर्ता बालिका की तलाश करती हुई रायपुरा चौराहा पहुंची, जहां बालिका को तलाश किया जाकर रेस्क्यू किया गया।

# 18.42 लाख रु. के गबन मामले में डाकपाल गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पोस्ट ऑफिस मोरपा शाखा के डाकपाल द्वारा किए गए 18.42 लाख रुपए के गबन मामले में पुलिस ने 10 महीने से फरार चल रहे आरोपी जसराम मीना को गिरफ्तार कर लिया है। करौली जिले के बालघाट थाना क्षेत्र के पाडली गांव निवासी 35 वर्षीय जसराम मीना ने डाकपाल के पद पर रहते हुए खाताधारकों की जमा और निकासी की राशि को सरकारी खाते में नहीं डाला था। इस मामले की शिकायत गंगापुर सिटी डाकघर के सहायक अधीक्षक उमेशचंद ने 11 जून 2024 को बाटोदा थाने में दर्ज कराई थी।

आईजी भरतपुर रेंज और एसपी सवाई माधोपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़

- **10 माह से फरार चल रहा था आरोपी**

अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एएसपी बौंली और डीएसपी बामनवास के सुपरविजन में थानाधिकारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को कस्बा बाटोदा से पकड़ा।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद आरोप सिद्ध होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब गबन की गई राशि की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है।

# दिवाली पर जोधपुरवासियों को नए एयरपोर्ट टर्मिनल की सौगात मिलेगी : शेखावत

**जोधपुर, (नि.सं.)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग का अवलोकन किया। शेखावत ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि एयरपोर्ट विस्तार को लेकर जोधपुरवासियों का तीन दशक का सपना पूरा होने जा रहा है। दिवाली पर नए टर्मिनल की सौगात जोधपुरवासियों को मिलेगी। जोधपुर देश के सभी बड़े शहरों से कनेक्ट होगा।

निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग में मीडिया से रू-ब-रू होते हुए शेखावत ने कहा कि जोधपुर मरुस्थल का गेट-वे है, उस दृष्टिकोण से भी जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार की अनेक वर्षों से प्रतीक्षा थी। जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार में दो तरह की बाधाएं थीं। एक एयरपोर्ट पर भूमि की कमी थी, क्योंकि इसका अधिकांश भाग इंडियन एयरफोर्स के पास है। दूसरा, जोधपुर एयरपोर्ट पर ऑटोमेटिक लैंडिंग की फैसिलिटी नहीं थी। इसके कारण नाइट लैंडिंग नहीं हो पाती। 10 साल के लगातार प्रयासों के बाद ये बाधाएं दूर हुई हैं। उन्होंने जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। शेखावत ने कहा कि मोदीजी के विकसित भारत बनाने के संकल्प ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को फ्यूचर रेडी बनाने का काम किया है।

शेखावत ने कहा कि जोधपुर राजस्थान का जयपुर के बाद दूसरा बड़ा



**केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग का अवलोकन कर निर्देश दिये।**

शहर है। आने वाले समय में जब कभी आवश्यकता होगी, एक महीने के शॉर्ट नोटिस पर जोधपुर एयरपोर्ट को डोमेस्टिक से इंटरनेशनल में कन्वर्ट किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तार का लाभ जोधपुर के हैंडीक्रॉफ्ट, स्टील, टेक्सटाइल, केमिकल, स्टोन, इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज आदि मिलेगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर न केवल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस टर्मिनल के निर्माण से क्षेत्रीय विकास को नया आयाम मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अवलोकन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पालीवाल, हवाई अड्डा सलाहकार समिति के सदस्य उपेन्द्र दवे, नरेन्द्र कच्छवाहा, प्रकाश जीरावाला, अशोक माथुर, जगत सिंह राठौड़, किशोर सिंह सोलंकी, एयरपोर्ट डायरेक्टर मनोज कुमार उनियाल, प्रोजेक्ट इंचार्ज राजीव गुप्ता, जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ सहित अनेक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि साथ रहे।

पूर्व रक्षामंत्री स्व. मनोहर पर्रिकर को याद करते हुए शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर जब मैं पूर्व रक्षामंत्री स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर जी के पास इस विषय को लेकर के गया था, तब उन्होंने तत्काल समस्या का समाधान कराया। उनके प्रयासों से राज्य सरकार, नगर निगम, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एयरफोर्स के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए। एयरपोर्ट के लिए आवश्यक 37 एकड़ जमीन मिली।

पुराने एयरपोर्ट पर स्थानाभाव में लंबे समय एयरक्राफ्ट को रनवे पर खड़े रहना पड़ता है। पर्रिकर जी ने इस दर्द को समझते हुए लैंड एक्सचेंज की टेक्निकल फॉर्मेलिटी से पहले ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपना काम शुरू करने की अनुमति दिलाई।

- **'जब कभी आवश्यकता होगी, एक महीने के शॉर्ट नोटिस पर जोधपुर एयरपोर्ट को डोमेस्टिक से इंटरनेशनल में कन्वर्ट किया जा सकेगा'**

शेखावत ने तत्कालीन सिविल एलिवेशन मंत्री अशोक गजपति राजू को भी धन्यवाद दिया, जिनके प्रयासों से जोधपुर में ऑटोमेटिक लैंडिंग सिस्टम की सुविधा मिली।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जोधपुर एयरपोर्ट पर 480 करोड़ रुपए का निर्माण हो रहा है। मल्टीलेवल पार्किंग, जो अभी उत्तर भारत में केवल मुंबई और दिल्ली में है, यहां भी बन रही है। अभी जोधपुर एयरपोर्ट में मात्र 200 पैसेंजर की क्षमता है, जो अब 2000 पैसेंजर की होने वाली है। एयरपोर्ट की बिल्डिंग अभी 3900 स्क्वायर मीटर की है, जो छह गुना बढ़कर 24 हजार स्क्वायर मीटर होने जा रही है। इंजीनियर्स के मुताबिक नई बिल्डिंग में 20 साल के लिए प्रोविजन किया गया, लेकिन जिस तरह से देश में विस्तार हो रहा है और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, मुझे विश्वास है कि 10 साल तक यह बिल्डिंग आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

# नाबालिग बालकों को करंट लगाने का वीडियो वायरल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की आसींद विधानसभा क्षेत्र के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र से दिल दहलाने वाला एक वीडियो सामने आया है, जिसमें क्षेत्र के कुछ नाबालिग बालकों के साथ करंट लगाकर ठेकेदारों द्वारा अमानवीय हैवानियत को दर्शाया गया है। वीडियो में नाबालिग जान की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं और बोल रहे हैं कि हमारे पिताजी को बुला लो, जिस पर हैवान ठेकेदार बोल रहे हैं मर जाएगा तो घर ले जाएंगे।

जानकारी के अनुसार आसींद विधानसभा क्षेत्र के कानिया गांव के अभिषेक भांबी व विनोद भांबी को क्षेत्र के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा आइसक्रीम के कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के कोरबा

- **वीडियो में नाबालिग जान की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं और बोल रहे हैं**
- **सोशल मीडिया पर मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया**

ले जाया जाता है, जहां उनके साथ क्षेत्र के ही ठेकेदार छोटू गुर्जर तथा मुकेश शर्मा चित्तौड़गढ़ ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। वीडियो में ठेकेदारों द्वारा करंट के तारों द्वारा करंट दिया जा रहा है, जिसमें नाबालिग बालक हाथ जोड़कर जान बचाने की गुहार कर रहे हैं।

घटनास्थल से जैसे-तैसे जान बचाकर भागे अभिषेक व विनोद भांबी जब गांव पहुंचे तो ठेकेदार के लोगों ने वहां पर भी जान से मारने की धमकी दी। अभिषेक व विनोद के परिवार में चार भाई-बहन हैं तथा पिता ट्रक ड्राइवर हैं, जैसे-तैसे जान बचाकर गांव पहुंचे विनोद व अभिषेक के परिजनों द्वारा जब गुलाबपुरा थाना अधिकारी को रिपोर्ट दी तो इस घटना की सूचना पर भी थाना अधिकारी को जूं तक नहीं रेंगी। सोशल मीडिया पर मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर संबंधित थाने को एफआईआर भेजने की बात कही है।

# आई.पी.एल.मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले चार बदमाश गिरफ्तार


जयपुर ग्रामीण जिले की शाहपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैचो पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

- 5 लाख रुपये का सट्टे का हिसाब व 60 हजार रुपये नकद किए बरामद
- 11 एंड्रॉइड मोबाईल फोन, भिन्न-भिन्न कंपनी की 14 मोबाइल सिम,सट्टा सामग्री,एक थार जीप, एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी जब्त

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले की शाहपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैचो पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है और साथ ही उनके पास से 5 लाख रुपये का सट्टे का हिसाब, 60 हजार रुपये नकद , 11 एंड्रॉइड मोबाईल फोन,भिन्न-भिन्न कंपनी की 14 मोबाइल सिम,सट्टा सामग्री,एक थार जीप, एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी जब्त की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि जिले की शाहपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले गिरोह भानु कुमार अग्रवाल निवासी शाहपुरा जिला जयपुर, मनोज चौधरी शाहपुरा जिला जयपुर, सतीश निवासी दौलतपुरा जयपुर और विजय महाजन निवासी मनोहरपुर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आरोपित विक्रम उर्फ गुल्लु सैनी निवासी शाहपुरा जिला जयपुर फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

आरोपियों से पूछताछ पर यह सामने आया है कि वह सुनसान जगह पर स्थित फार्म हाउस या अन्य सुनसान जगहो पर एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा इंटरनेट तकनीक के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टे के भाव अपने से बड़े सटोरियों से जरिये फोन लाईन /ऑनलाईन इंटरनेट प्राप्त कर आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच पर अपने फायदे के लिए लोगो को रुपये कमाने का लालच देकर बदनीयति पूर्वक आपस में षड्यंत्र रचकर प्रवंचना पूर्वक लोगों को धोखा देने की नियत से क्रिकेट मैच पर मोबाइल फोन से सम्पर्क कर सट्टा खाईवाली व लगाईवाली करने का काम करते हैं। इस गिरोह को सट्टेबाजी के लिये जिये फोन लाईन व सट्टा भाव देने वाले बडे सटोरियों के सम्बन्ध में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

## अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को पूरा करते हुए राज्य के सभी अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए यह योजना शुरू की गई है।

योजना के तहत आवेदक छात्र/छात्रा के माता-पिता में से किसी एक व्यक्ति को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान से अधिस्वीकृत पत्रकार होना आवश्यक है। ऐसे अधिस्वीकृत पत्रकार जिनकी स्वयं की आजीविका पूर्णत: पत्रकारिता पर निर्भर हो तथा अभ्यर्थी की स्वयं की वार्षिक आय को सम्मलित करते हुए अधिकतम 5 लाख रुपये से कम हो, उनके दो बच्चे पात्र होंगे। राष्ट्रीय स्तर की शिक्षण संस्थानों के मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों से लिये गये केवल अनिवार्य नॉन रिफंडेबल शुल्कों का आधा अर्थात 50 प्रतिशत शुल्क का पुनर्भरण/भुगतान विद्यार्थी को बैंक खाते के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। पाठ्यक्रम एक से अधिक वर्ष की अवधि होने पर छात्रवृत्ति का नवीनीकरण प्रतिवर्ष किया जायेगा।

# प्रदेशभर में हीटवेव का हो पुख्ता प्रबंधन : गायत्री राठौड़


चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में भीषण गर्मी एवं हीटवेव के दौरान चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक तैयारियों, बजट घोषणाओं एवं चिकित्सा सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर समीक्षा की।

- ‘एक भी रोगी के जीवन को नहीं हो खतरा’
- ‘पंखे, कूलर, एसी की कमी से परेशानी हुई तो संस्थान प्रभारी होंगे जिम्मेदार’

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान भीषण गर्मी एवं हीटवेव की दृष्टि से बेहद संवेदनशील राज्य है। इसे देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव को लेकर पुख्ता प्रबंधन सुनिश्चित हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है। जांच, दवा, उपचार आदि के अभाव में किसी भी रोगी के जीवन को खतरा नहीं होना चाहिए।

राठौड़ शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में भीषण गर्मी एवं हीटवेव के दौरान चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक तैयारियों, बजट घोषणाओं एवं चिकित्सा सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि अस्पतालों में हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप हर चिकित्सा संस्थान में दवाओं की उपलब्धता हो। जरूरत होने पर स्थानीय स्तर पर भी दवाओं की खरीद की जाए, लेकिन दवाओं की कमी नहीं रहे। राठौड़ ने कहा कि हर चिकित्सा संस्थान में पानी, छाया, एसी, कूलर, पंखों आदि की समुचित उपलब्धता एवं क्रियाशीलता को लेकर विशेष ध्यान रखा जाए। अगर किसी भी चिकित्सा संस्थान से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा तो संबंधित संस्थान के प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# फॉर्च्यून पार्क लैंड पर एक लाख रुपए हर्जाना

- टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी ने ग्राहक को सुविधा नहीं देने का मामला

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय ने टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी की ओर से उपभोक्ता को बताई गई सुविधा मुहैया नहीं कराए जाने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस माना है। इसके साथ ही आयोग ने विपक्षी कंपनी फॉर्च्यून पार्क लैंड इन एंड सुइट्स पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं आयोग ने कंपनी को निर्देश दिया है कि वह परिवादी से मेंबरशिप के लिए वसूली राशि 1.68 लाख रुपए भी 18 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाए। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य दुष्यंत कुमार शर्मा ने यह आदेश चरणजीत सिंह के परिवाद पर दिया।

परिवाद में परिवादी ने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधि ने परिवादी को वेकेशन में घूमने का प्लान बताया था। जिस पर परिवादी ने कंपनी पर भरोसा कर 13 मई 2022 को 1.68 लाख रुपए देकर दस साल के लिए कंपनी का उत्पाद खरीद लिया। परिवादी को बताया गया कि वह अपनी सुविधानुसार पहली बार बुकिंग करवाएंगे तो उसे 6 दिन व 7 रात फ्री दी जाएगी। कंपनी की वेबसाइट पर भी कहा कि वह स्टूडियो श्रेणी में बुकिंग करवा सकेगा। इस दौरान परिवादी ने 8 मार्च 2024 को कंपनी के टोल फ्री नंबर पर पहली बुकिंग की जानकारी मांगी तो कहा कि वह ईमेल के जरिए करवाए, लेकिन जब उसने होटल की बुकिंग करवानी चाही तो ज्यादातर होटलों में बुकिंग फुल बताई और उसे अन्य कोई होटल चुनने के लिए कहा। वहीं परिवादी ने जो भी तारीखें बताई उन पर भी कोई भी प्रॉपर्टी नहीं होना बताया। कंपनी ने परिवादी को सुझाव दिया कि 4 से 7 अप्रैल के दौरान मंसूरी में होटल पैराडाइज मेंशन में जगह मिल रही है। जिस पर परिवादी ने बुकिंग के लिए अपनी स्वीकृति दे दी, लेकिन विपक्षी कंपनी ने उससे ब्रेकफास्ट व अन्य खर्चों के पेटे 13,216 रुपए की मांग कर दी। इसे परिवादी ने आयोग में चुनौती दी।

## पदोन्नत उप प्राचार्य को यथावत रखा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने उप प्राचार्य के पद पर पदोन्नत हुए व्याख्याता के पदस्थापन से जुडे मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता के स्थान पर दूसरा कर्मचारी पदस्थापित नहीं हुआ तो उसे समान पद पर बनाए रखा जाए। वहीं अदालत ने शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक से पूछा है कि जब याचिकाकर्ता के स्कूल में उप प्राचार्य का पद खाली है तो उसे दूसरी स्कूल में क्यों भेजा जा रहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश मुकेश कुमार मीणा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता बूंदी के लाखेरी में पदस्थापित है। उसे साल 2022-23 के पदों के विरुद्ध पदोन्नत कर उप प्राचार्य बनाया गया है।

# "एक राष्ट्र, एक चुनाव" देश की स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक पहल : मदन राठौड़

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" अभियान के डिजिटल संस्करण का लोकार्पण किया गया और एक विशेष क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन करके आम नागरिक अपने समर्थन को डिजिटल रूप से दर्ज करा सकते हैं। यह पहल जनभागीदारी को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है।

- डिजिटल माध्यम से जुड़ रही है जनता, स्कैन करें क्यूआर कोड और दें समर्थन : सुनील भार्गव

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड ने कहा कि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" केवल एक राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को सशक्त करने और शासन व्यवस्था को स्थिरता देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस विचार का पुरजोर समर्थन करते हुए इसे समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया है।


भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने "एक राष्ट्र, एक चुनाव" अभियान के डिजिटल संस्करण का लोकार्पण किया।

राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल आर्थिक संसाधनों की भारी बर्बादी होती है, बल्कि बार-बार लागू होने वाली आचार संहिता के कारण जनकल्याणकारी योजनाएं ठप हो जाती हैं। सरकारी अधिकारी, कर्मचारी और प्रशासनिक तंत्र चुनावों में व्यस्त हो जाता है, जिससे विकास कार्य रुक जाते हैं और जनता को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ता है।

इस अवसर पर "एक राष्ट्र, एक चुनाव" अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने इस अभियान की प्रस्तावना रखते हुए स्पष्ट किया कि यह पहल राष्ट्र की स्थिरता, संसाधनों की बचत और नीति-निरंतरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसके डिजिटल संस्करण के माध्यम से आम जनता क्यूआर कोड स्कैन कर अपना समर्थन दर्ज कर सकती है, जिससे व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित होगी।

# सोनिया और राहुल सहित कांग्रेसी नेताओं को राष्ट्र की संपत्ति लूटने का अधिकार नहीं : अंकित चेची

- भाजपा युवा मोर्चा ने नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, राहुल गांधी का जलाया पुतला

**जयपुर।** नेशनल हेराल्ड केस में 2 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले मामले में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से शुक्रवार को छोटी चौपड़ पर कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला जलाया। चेची ने बताया कि कांग्रेसी नेताओं को देश की संपत्ति और धन को लूटने का अधिकार नहीं है। 1937 में नेशनल हेराल्ड शुरू हुआ था उस समय 5000 शेयर होल्डर थे, यह संपत्ति स्वतंत्रता सेनानियों की है किसी खानदान की जागीर नहीं है। 50 लाख रुपए में 90 करोड़ का राइट ऑफ हो जाना और करोड़ों की संपत्ति एक अनजानी सी कंपनी के हाथ चले जाना, यहीं गांधी मॉडल ऑफ डेवलपमेंट है। सोनिया जी और राहुल जी बेल पर है। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें कोई राहत नहीं दी, केवल इतना कहा है कि व्यक्तिगत उपस्थिति में छूट है। 4 साल से कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं अब बेबुनियाद बयान बाजी कर रहे हैं। लेकिन देश की जांच एजेंसियां निष्पक्ष रूप से अपना काम कर रही है।

युवा मोर्चा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरूवंशी ने बताया कि नेशनल हेराल्ड केस में जांच एजेंसियां अपना कार्य कर रही है, लेकिन कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा बिना बात के हंगामा और विरोध कर रहे है। इन कांग्रेसियों को जांच में सहयोग करना चाहिए। राष्ट्र की हजारों-करोड़ों की प्रॉपर्टी को एक परिवार के लोगों ने षडयंत्र पूर्वक कब्जा कर लिया और अब जब जांच की जा रही है तो हंगामा किया जा रहा है, लेकिन मोदी सरकार में कानून अपना काम कर रहा है, करेगा और करता रहेगा। भाजपा युवा मोर्चा के विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री अमित कुमार नारनोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, लोहित सिंह चौहान, विशाल पार्थ, कमल स्वामी, डेनपाल सिंह सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवनानी को मिलेगा मेवाड़ गौरव सम्मान

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मेवाड़ गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। उन्हें यह सम्मान उनकी उल्लेखनीय समाज सेवाओं, राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों और वैचारिक क्रांति के लिए दिया जा रहा है। देवनानी को शनिवार को जयपुर में मेवाड़ गौरव सम्मान स्वर्गीय सुन्दर सिंह भंडारी के 105 वें जन्म दिवस पर जन चेतना मंच द्वारा ‘जागृत परिवार ही सशक्त राष्ट्र का आधार’ विषय पर आयोजित की जा रही स्व.सुन्दर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। समारोह का आयोजन शनिवार को सायं छः बजे जयपुर के नारायण सिंह सर्किल भट्टारक जी नसिया स्थित श्री हरिश्चंद्र तोतूका सभा भवन में किया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में कृषि आधारित मॉडल स्थापित करेगा पतंजलि : आचार्य बालकृष्ण


मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और विभाग के अन्य अधिकारियों ने मऊगंज स्थित भूमि की रजिस्ट्री की कॉपी का स्थानांतरण पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के माध्यम से पतंजलि योगपीठ को किया।

- मध्य प्रदेश में पतंजलि की कृषि क्रान्ति का शंखनाद, मऊगंज में पतंजलि की व्यापक कार्य योजना
- ‘किसानों को बेहतर संसाधनों और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा पतंजलि’

**रीवा।** जिला मऊगंज की बंजर और ऊसर भूमि अब किसानों की उपज के लिए व उनकी समृद्धि का द्वारा खोलेगी और विकसित विंध्य का एक नया अध्याय जोड़ेगी। इस बड़े कार्य के लिए मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और विभाग के अन्य अधिकारियों ने मऊगंज स्थित उक्त भूमि की रजिस्ट्री की कॉपी का स्थानांतरण पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के माध्यम से पतंजलि योगपीठ को किया। इसके पश्चात आचार्य ने मऊगंज के डीएम संजय कुमार जैन के साथ स्थानीय भूमि का निरीक्षण कर भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आचार्य ने कहा कि श्रद्धेय स्वामी जी के नेतृत्व में पतंजलि योगपीठ ने किसानों की समृद्धि के लिए जो स्वप्न देखा था, उसको साकार करने में पतंजलि का सेवा प्रकल्प शीघ्र ही साकार होगा।

आचार्य ने कहा कि जब हम अपने राष्ट्रभाव व कर्तव्य को सामाजिकता के साथ जोड़कर लोकहित व लोक कल्याण के साथ कोई संकल्प लेते हैं तो निश्चित ही बहुत बड़ा कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पतंजलि ने विंध्य क्षेत्र के लिए औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन के तहत राज्य में किसानों की समृद्धि बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक व्यापक और समग्र योजना विकसित की है। इस योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के रीवा क्षेत्र, मऊगंज जिले के ग्राम घुरेहटा में औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन के अंतर्गत पतंजलि की औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। इस योजना का उद्देश्य न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है, बल्कि स्थानीय समुदायों के बीच जागरूकता और कौशल विकास को भी बढ़ावा देना है, जिससे एक समृद्ध और आत्मनिर्भर कृषि क्षेत्र का निर्माण हो सके।

आचार्य ने बताया कि यह अभिनव पहल राज्य में कृषि आधारित मॉडल स्थापित करेगी, जिसमें फसल विविधीकरण, प्रशिक्षण केंद्र, बीज इकाइयां, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां शामिल रहेंगी, ताकि किसानों को बेहतर संसाधनों और तकनीकी सहायता प्रदान की जा सके। साथ ही स्थानीय निवासियों को पतंजलि की शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि पहले से ही राज्य में फसल विविधीकरण की दिशा में प्रयास कर रहा है, जिससे स्थानीय कृषि की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आजीविका में सुधार होगा।

आचार्य ने कहा कि इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन से किसानों की आय में एक महत्वपूर्ण वृद्धि होने की संभावना है, जो उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगी। साथ ही, इस प्रक्रिया के माध्यम से कीटनाशकों, रासायनिक उर्वरकों और अत्यधिक पानी के उपयोग पर उनकी निर्भरता कम हो जाएगी, जिससे उनकी उत्पादन लागत में कमी आएगी और वे अधिक स्थायी कृषि प्रथाओं को अपनाने में सक्षम होंगे। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में कृषि क्षेत्र की समृद्धि, कृषि प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों की कौशल वृद्धि, रोजगार सृजन, सामाजिक विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

इस अवसर पर आरओ एमपीआईडीसी लिमिटेड, रीवा के कार्यकारी निदेशक यू.के. तिवारी, महाप्रबंधक नवेंदु शुक्ला तथा एक्सीक्यूटिव इंजीनियर के.के. गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# बिजनेसमैन ने 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड किया

- सुसाइड नोट में आरएएस अधिकारी पर लगाया आरोप

**जयपुर।** बिंदायका थाना इलाके में शुक्रवार को एक बिजनेसमैन ने अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से एक दिन पहले बिजनेसमैन (आर्किटेक्ट) ने फर्म के लेटर पेड पर सुसाइड नोट भी लिखा। मृतक ने सुसाइड नोट में आरएएस पर काम के पैसे नहीं देने का आरोप लगाया है। इससे परेशान होकर सुसाइड कर लिया।

थानाधिकारी विनोद वर्मा ने बताया कि करधनी के गोविन्दपुरा निवासी आर्किटेक्ट भारत कुमार सैनी (42) पुत्र भानुप्रताप सैनी ने सुसाइड किया है। वह अपने माता-पिता, पत्नी और 12 व 5 साल के बेटे के साथ रहता था। पिछले 10 साल से बालाजी विहार-9 सीकर रोड पर गौरव डिजायनिंग के नाम से बिजनेस करता था। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे वह घर पर किसी से बात किए बिना ही स्कूटी लेकर निकला था। दोपहर करीब 11 बजे उसने सिरसी रोड पर स्थित रॉयल ग्रीन सोसाइटी अपार्टमेंट (जहां आरएएस का फ्लैट) में गया। अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल पर छत से छलांग लगाकर भारत कुमार सैनी ने सुसाइड कर लिया। धमाके की आवाज सुनकर बाहर निकले सोसायटी के लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस की मदद से बालाजी हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टर्स ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर बिंदायका थाना पुलिस बालाजी हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया है।

मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है। इस पर 17 अप्रेल की तारीख लिखी है। इसमें लिखा कि मैं भारत कुमार सैनी। आज आरएस मुक्ताराव के घर गया था। सामने लगे कैमरे में पूरी रिकॉर्डिंग आई होगी। 14 अप्रेल को घर (आरएएस का घर) का मुहूर्त हो गया था। मैंने ठीक 3 दिन बाद अपने हिसाब और एक्सट्रा काम को लेकर बात छेड़ी। मेरे से वेंडर लोग पैसे मांग रहे हैं। आपका काम भी हो गया है। मुहूर्त भी हो गया है। कुछ काम बचा हो तो मैं कर दूंगा। मैं अपने वेंडरों दुकानदार को रोज यह कह कर टाल राह हूं कि मेरा हिसाब नहीं हुआ है। रोज जिल्लत भरे दिन निकाल रहा हूं। फिर मैंने निवेदन भी किया कि मेरा हिसाब कर दो। मेरे पास जहर खाने को भी पैसे नहीं है। पूरी रॉयल ग्रीन सोसाइटी में मेरी बेइज्जती करने के लिए वेंडर दुकानदार तैयार खड़े हैं।

मैंने मुक्ताराव की आवाज और विश्वास पर 1200 रुपए स्कवेयर फीट वाला जो काम तय हुआ था, उस काम को 2000-2200 वाला काम करके दिया। सिर्फ मेडम की जुबान पे कि आप काम करो। इसका पैसा में दूंगी। बस इसी बात पे भरोसा कर मार्केट से पैसा लिया। वाइफ के गहने भी मुथुट पे गिरवी रखे। अच्छे दिल से काम को पूरा किया। यही उम्मीद से की मुझे अपना पैसा मिल जाएगा। पर आज मेरी सारी उम्मीद टूट गई है। अब मुझे मजबूर होकर ये गलत कदम उठाना पड़ रहा है। मुझे ये भी पता है कि मेरे मरने के बाद भी मुझे पैसा नहीं मिलेगा और न कोई हरजाना।

मैंने अपना घर बर्बाद करके इनका तो घर बना दिया। 39 लाख 60 हजार का काम करके दिया। जिसमें मुझे 21 लाख मिले। बाकी का मुझे कोई पैसा नहीं दिया। आरएस मुक्ताराव जी और उनके हसबैंड ढाका जी ने बस इतना कहकर मुझे रवाना कर दिया कि 50 हजार या 1 लाख ज्यादा से ज्यादा निकलेगा आपका। ये सुनते ही मैं वहां से चला आया और अब मेरे पास सुसाइड के अलावा कोई रास्ता नहीं है। मैं अभी ही छत से कूदना चाहता था। पर सुबह से पत्नी-बच्चों को नहीं देखा था। बूढ़े मां-बाप से मिला नहीं, इसलिए घर आया हूं और जी भर के आखिरी बार मिल लूं। इनको तो यह भी नहीं पता कि सुबह में नहीं रहूंगा।

बिंदायका थाना पुलिस ने पिता भानुप्रताप की शिकायत पर सुसाइड नोट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता भानुप्रताप का आरोप है कि स्कूटी से रॉयल अपार्टमेंट में 13वीं फ्लोर पर रहने वाली आरएस मुक्ताराव से अपने रुपए मांगने गया था।

# चोरों ने एक ही रात में चार घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया

## मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार रात नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 15 में अज्ञात चोरों ने चार स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर चार मकानों के पीछे की सीमेंट की जालियां तोड़कर घुसे और लाखों रुपए के आभूषण, नकदी व कीमती सामान चुरा ले गए। पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की है।

■ **चोर चार मकानों के पीछे की सीमेंट की जालियां तोड़कर घुसे और लाखों रुपए के आभूषण, नकदी व कीमती सामान चुरा ले गए**

सभी चोरी की वारदातों में चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने का तरीका एक जैसा रहा जिसमें चोर मकान के पीछे की सीमेंट की जाली तोड़कर अंदर घुसकर कमरों की कुंडी अंदर से लगाते और उसी रास्ते से बाहर निकल जाते। वार्ड 15 निवासी सुल्तान यादव ने बताया कि वह परिवार संग हॉल में सो रहा था। सुबह जब पत्नी मन्नी देवी उठी, तो देखा कि पीछे वाले कमरे की कुंदी अंदर से लगी हुई है। पीछे जाकर देखने पर कमरे की जाली टूटी मिली और अलमारी का ताला टूटा था। चोर सोने चांदी के जेवरात, 5 हजार नकद व एक मोबाइल ले गए। वही ओंकार यादव के घर की खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जेवरात व 47 हजार रुपए चुरा ले गए। वहीं बिरदी चंद यादव के सोने-चांदी के जेवर व 5 हजार रुपए पार कर ले गए। कांदोलाई श्मशान घाट के पास जयराम के मकान के पीछे की सीमेंट की जाली तोड़कर अंदर घुसे और कमरों की अंदर से कुंदी लगा ली। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस जांच में जुटी है।



चोरी की वारदात के बाद घर में सामान बिखरा पड़ा है।

## मादक पदार्थ सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन सीमा संकल्प" व "ऑपरेशन फ्लश आउट" के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। जिले के तीन थानों की पुलिस ने अलग अलग कार्रवाई में अवैध अफीम समैक व नशे के कैप्सूल सहित दो तस्करों को दबोचा है। श्रीविजयनगर थाना पुलिस ने श्रवण कुमार पुत्र किशनाराम निवासी 2 एपीडी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 306 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। आरोपी के पास से एक जीप भी जब्त की गई। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच मुकलावा थानाधिकारी सम्पत धायल को सौंपी गई है।

वहीं, दूसरी कार्रवाई में नई मंडी घड़साना पुलिस ने गश्त के दौरान रीको एरिया से धर्मवीर उर्फ बुगड़ निवासी धक्का बस्ती को 4 ग्राम हेरोइन/चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में केस दर्ज कर जांच रावला थानाधिकारी नवनीत को सौंपी है। इसके अलावा, श्रीविजयनगर के चक 40 जीबी में स्थित ज्योति मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर संचालक सुनील कुमार के कब्जे से 980 प्रतिबंधित प्रिगाबालिन कैप्सूल जब्त किए गए। इंस्पेक्टर गोरीशंकर की मौजूदगी में मेडिकल स्टोर की जांच की गई और आगे की कार्रवाई जारी है।

■ **अफीम-हेरोइन व नशे के कैप्सूल बरामद किये**

# चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.50 लाख के जेवर बरामद किये



नारायणपुर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**नारायणपुर, (निसं)।** नारायणपुर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत नगर कॉलोनी निवासी सुखवीर सिंह गोठवाल ने 24 फरवरी को अपने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। सुखवीर सिंह अपने परिवार के साथ 23 फरवरी को ससुराल अलवर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर अलमारी के लॉकर से 50 हजार रुपये नकद सहित सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। सीडीआर, बीटीएस और साइबर एक्सपर्ट्स की सहायता से जांच आगे बढ़ाई गई, हालांकि शुरुआती दौर में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया। बाद में बानसूर थाना क्षेत्र में दर्ज एक अन्य चोरी के मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली। आरोपियों को अलवर केंद्रीय कारागार से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने नारायणपुर क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात को कबूल कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय उर्फ लाला (24) पुत्र सीताराम बलाई निवासी टीबा ऊपर नारायणपुर और अमीचंद उर्फ अमित (22) पुत्र हनुमान सैनी निवासी नारायणपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन की रिमांड पर लिया है, जिसमें उनसे सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी की पायजेब, कमर की तागड़ी सहित अन्य कीमती सामान बरामद किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान सामने आया है कि आरोपियों से और भी कई चोरी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस जांच जारी है।

■ **आरोपियों से और भी कई चोरी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना जताई**

# लापता वकील की बरामदगी के लिए क्या कर रही है पुलिस-हाइकोर्ट

## हाइकोर्ट ने लापता हुए वकील की बरामदगी को लेकर पुलिस की ओर से किए जा रहे प्रयास की जानकारी मांगी

**जयपुर।** राजस्थान हाइकोर्ट ने धौलपुर में करीब सात माह पहले लापता हुए वकील की बरामदगी को लेकर पुलिस की ओर से किए जा रहे प्रयास की जानकारी मांगी है। अदालत ने कहा है कि तीस मई को रिपोर्ट पेश कर बताया जाए कि वकील की बरामदगी के लिए क्या कार्रवाई की गई है। जस्टिस अवनीश झिंगन और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश मीना मिश्रा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान धौलपुर एसपी सुमित मेहरडा अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि वकील की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। वहीं वकील से जुड़े लोगों से पूछताछ भी की गई है। इसके अलावा पुलिस की टीम ने यूपी और एमपी के विभिन्न स्थानों पर जाकर वकील को तलाशा है। इसके साथ ही लापता वकील की फोटो पोर्टल पर अपलोड की गई है। इस पर अदालत ने आगामी सुनवाई पर एसपी को उपस्थित होने से छूट देते हुए पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

याचिका में अधिवक्ता दीनदयाल खंडेलवाल और सुरभि ने अदालत को बताया कि 23 सितंबर, 2023 को याचिकाकर्ता के पति प्रमोद कुमार मिश्रा घर से कोर्ट जाने के लिए निकले थे, लेकिन शाम को वापस घर नहीं आए। इस पर याचिकाकर्ता ने उन्हें अपने रिश्तेदारों और परिचितों के घर तलाशा, लेकिन वे वहां भी नहीं मिले। इस पर याचिकाकर्ता ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें तलाशने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि उसने स्थानीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों पर संदेह जताया था। इसके बावजूद पुलिस ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। ऐसे में पुलिस को निर्देश दिए जाए कि वह उसके पति को तलाश कर अदालत में पेश करे।

## बम स्क्वॉड ने कलेक्ट्रेट की तलाशी ली

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिला कलेक्ट्रेट में बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने शुक्रवार को गहन तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई कलेक्ट्रेट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर ने बताया कि दो दिन पहले राजस्थान के कई जिला कलेक्ट्रेट को इस तरह के धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हुए थे। हनुमानगढ़ में बुधवार शाम को पहली बार कलेक्ट्रेट की जांच की गई। उस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शुक्रवार को बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की टीम ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। इस दौरान भी कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। एएसपी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह धमकी बोगस प्रतीत हो रही है।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 108वें दिन भी लगातार जारी

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 108वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर किसान केसरी संघ शाहपुरा के बैनर तले प्रतापपुरा ग्राम के किसान अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया। वहीं शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिला बचाओ संघर्ष समिति को दिया।

किसान केसरी संघ प्रतापपुरा के किसान महावीर बैरवा, कल्याण बैरवा, कैलाश बैरवा, गीलू बैरवा, भैरूलाल जाट, मुकेश जाट, उगमलाल, सत्यनारायण बैरवा, नारायण भील, इस्लाम खान, शैतान जाट, भगतराम बलाई, वारिस अली खान, घीसू जाट, महेंद्र भूल राजेंद्र जाट, जमनालाल खारोल, बजरंग ग्यारसी देवी बावरी, किरण बावड़ी, बन्ना लाल खारोल, जमनालाल ओनाड खारोल, शाहरुख खान सहित कई सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे, जिनका समिति की ओर से माला पहनकर स्वागत किया गया। धरने को किसान गिलु बैरवा, भैरूलाल जाट, मुकेश जाट, ग्यारसी देवी बावरी और संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया, किसान केसरी संघ के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा ने संबोधित करते हुए सरकार से शाहपुरा जिले की बहाली की मांग की।

इस मौके पर संघर्ष समिति सदस्य राजेंद्र बोहरा, सत्यनारायण पाठक, उदय लाल बैरवा,धनराज जीनगर, विनीत बुनकर, नजीर मोहम्मद, शंभू लाल चौधरी, दुर्गा लाल जोशी, अजय मेहता, सुरेशचंद्र घूसर, अधिवक्ता ताज मोहम्मद, अखिल व्यास , शरीफ मोहम्मद, वेद प्रकाश धाकड़ सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# रेलवे की केबल के बंडलों में आग लगी, लाखों का नुकसान

**कोटा, (निसं)।** शहर में आगजनी की दो-तीन घटनाएं सामने आई है। गनीमत है कि आगजनी की घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई है। गुरूवार देर रात्रि को एक कार में आग लग गई तो वहीं शुक्रवार तड़के गुमानपुरा इलाके के एक मकान में आगजनी की घटना सामने आई तो वहीं गुरूवार को रेलवे कॉलोनी इलाके में रेलवे की केबल के बंडलों में आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें आग की चपेट में आने से लाखों रूपये की केबल जलकर नष्ट हो गई।

अगिनश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि गुरूवार को रेलवे की सिंगनल और टेलिफोन केबल के बंडलो में आग की सूचना मिली। जिस पर मौके पर दमकल भेजकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि गुरूवार देर रात्रि को राधिका रिसोर्ट के पास एक खड़ी कार में आग लग गई। सूचना पर दमकल को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाया गया। वहीं शुक्रवार तड़के गुमानपुरा इलाके की टीचर्स कॉलोनी में एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर अग्निश्मन विभाग की दमकल मौके पर भेजी गई। अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि आग मकान के दूसरे फ्लोर में लगी थी जहां पर मोबाइल एसेसरीज रखी हुई थी, आग की चपेट में आने से काफी सामान जनलकर खाक हो गया गनीमत रही कि कोई जनहानि नही हुई। काफी मशक्कत के बाद मकान में लगी आग पर काबू पाया गया।

■ **वहीं मकान व कार में आग लगी, घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई**

# अवैध हथियारों के साथ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** चित्तौड़गढ़ जिले की कोतवाली निम्बाहेडा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन बरामद की गई। आरोपियों ने ट्रक चालक को धोखे में रखकर पिस्टलों को बैग व कपड़ों में छिपाकर लिफ्ट ली थी।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन और डीएसपी निम्बाहेडा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी राम सुमेर मीणा के निर्देशानुसार एएसआई सूरज कुमार और पुलिस टीम ने निम्बाहेड़ा बायपास हाईवे रोड पर सघन नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान नीमच की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया। ट्रक रुकते ही खलासी साइड से दो व्यक्ति उतर कर भागने लगे लेकिन कांस्टेबल रामकेश ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों संदिग्ध काफी घबराए हुए लगे जिस पर उनकी तलाशी ली गई। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान अवतार सिंह पुत्र करनेल सिंह जट सिख, निवासी नगला, थाना गढ़ शंकर, जिला होशियारपुर, (पंजाब) और जसवीर ठाकुर पुत्र रणजिंदर सिंह राजपूत निवासी चाकरोदा, थाना गढ़ शंकर, जिला होशियारपुर, (पंजाब)के रूप में हुई। तलाशी में अवतार सिंह के काले बैग से तीन पिस्टल,जबकि जसवीर ठाकुर की पैंट के अंदर और जेबों से दो पिस्टल और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। कुल 5 अवैध पिस्टल मय मैग्जीन बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में गहन पूछताछ की जा रही है और हथियारों की खरीद फरोख्त व सप्लायर गैंग के नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है। वहीं ट्रक चालक अर्जुन देव पुत्र दीवानचंद भाट निवासी रावतसर, (हनुमानगढ़) ने पूछताछ में बताया कि इन दोनों ने उसे धोखे में रख ट्रक में लिफ्ट ली थी। उसके पास या ट्रक में कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं पाई है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल हरविंदर सिंह, कांस्टेबल रामचंद्र, हेमंत, रामकेश, राकेश, विजय सिंह, शिशुपाल, सुरेंद्र पाल, विक्रम और बहादुर सिंह शामिल थे।

■ **तस्करों के पास से पांच अवैध पिस्टल मय मैग्जीन बरामद**

## इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के मामले में पिछले 6 माह से फरार 5 हजार रुपए के इनामी आरोपित विजय शर्मा निवासी टोंक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिंगत आनन्द 19 नवम्बर 2024 को परिरिवादीया ने एक रिपोर्ट दी की वह विजय शर्मा के मकान पर किराये से अपने परिवार के साथ रहती थी और वह अभी नाबालिग है। विजय शर्मा ने उसको डरा धमकाकर गलत सम्बन्ध बनाये। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा आरोपी विजय शर्मा के संभावित ठिकानो पर लगातार निगरानी व दबिश दी जाकर पिछा किया जा रहा है।

# सात बंदरों की बेरहमी से हत्या के आरोप में 12 जने गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** सात बंदरों का शिकार कर उनकी बेरहमी से हत्या के मामले में उदयपुर की सायरा थाना पुलिस ने आदिवासी कथोड़ी समाज के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कुंभलगढ़ अभ्यारण्य क्षेत्र के कडेच ग्राम पंचायत के रीछवाडा गांव में यह कार्रवाई की। आरोपियों ने बंदरों को न केवल मारा, बल्कि लोहे के हाशिए से उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। पुलिस ने मृतक बंदरों के मांस से भरी पोटलियां बरामद की है। सूचना मिलने पर हायला रेंज के फॉरेस्टर तुलसीराम मेघवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब आरोपियों ने अधिकारियों को ही घेरकर हमला करने की कोशिश की जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद जैसे-तैसे वन अधिकारियों ने अपना बचाव किया। इसके बाद बोखाडा रेंज से क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंतीलाल गरासिया, फॉरेस्टर नारायण सिंह राणावत, वनरक्षक वीरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक गरासिया, ओमप्रकाश व नीरज मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से बंदरों का मांस, शिकार में प्रयोग हथियार और चार बाइक भी बरामद की है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर बोखाडा वन विभाग कार्यालय लाया गया। पूछताछ में उन्होंने बंदरों का शिकार करना कबूल कर लिया। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अनुसार सभी आरोपी ओगणा थाना क्षेत्र के समीजा गांव के निवासी हैं। इन्होंने बंदरों को लोहे के तार में फंसा कर शिकार किया था और फिर धारदार हाशिए से उनके शवों के टुकड़े कर मांस पोटलियों में भर लिया। फिलहाल वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। घटना के बाद वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। विभाग का कहना है कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार कथोडी समाज परंपरागत रूप से जंगलों में रहकर शिकार पर निर्भर था। राज्य सरकार द्वारा अब उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है, लेकिन कुछ समूह अब भी पुरानी आदतों को नहीं छोड़ पा रहे हैं।

■ **आरोपियों के कब्जे से बंदरों का मांस, शिकार में प्रयोग हथियार और चार बाइक बरामद की**

# हज प्रशिक्षण शिविर आज

**जयपुर।** इस्लाम धर्म के सबसे महत्वपूर्ण अरकान हज और उमराह के लिए इस वर्ष मक्का मदीना जाने वाले हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर के तत्वाधान में पहाड़गंज स्थित हीरा इंग्लिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित होगा। जिसमें प्रशिक्षक मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किए जाने वाले अरकानों के बारे में विस्तार से बताएंगे। यह शिविर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती में आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के उलेमा एवं इस्लामी विद्वान शामिल होंगे। सुन्नी दावते इस्लामी व नूरी सुन्नी सेंटर विकास समिति के सदस्य हाजी मोहम्मद हसीन अहमद व हाजी हामिद बैग ने बताया कि उमराह व हज यात्रा पर जाने वाले महिला-पुरुषों के प्रशिक्षण शिविर को ट्रेंड हज ट्रेनर्स संबोधित करेंगे। शिविर में अनुभवी हज ट्रेनर्स मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी साहब के साथ हजरत मौलाना कारी वली मुहम्मद शेरी साहब और कारी मुहम्मद शकील अशरफी साहब हज यात्रियों को जानकारी देंगे।

# डंडों से हमला कर युवक की हत्या, शव को जंगल में फेंका

## मृतक ने भाभी के प्रेम-प्रसंग पर आपति जताई थी, एक आरोपी डिटेन

**कोटा, (निसं)।** रानपुर थाना इलाके में कुछ आरोपियों द्वारा डंडों से हमला कर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। हमलावर बदमाश युवक की हत्या कर शव को जंगल में फेंक कर फरार हो गये। मृतक युवक के दोनों पैर बेल्ट से बंधे हुए थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर एफएसएल व एमओबी टीम को बुलाया गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों का सौंप दिया।

रानपुर थानाधिकारी रामविलास ने बताया कि मृतक डोलिया गांव निवासी भंवरलाल भील (26) है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के चाचा देवलाल ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में गांव के ही उसके पड़ोसी हेमराज व गांव के युवक बबलू पर हत्या का आरोप लगाया है।

थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया है कि मृतक की भाभी का उसके पड़ोसी हेमराज से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।



हत्या के मामले में पुलिस ने एक जने को डिटेन किया।

हेमराज भंवरलाल की भाभी से बातचीत करता था, जिस पर भंवरलाल ने कई बार हेमराज को टोका और इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ था। थानाधिकारी ने बताया कि हेमराज जब जंगल में बकरियां चराने गया तो उसके पीछे भंवरलाल हेमराज को समझाने के लिये जंगल में गया, जहां दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

जिस पर हेमराज ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर भंवरलाल को पकड़ा और उस पर डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर हेमराज व बबलू के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि भंवरलाल भील की हत्या के मामले में एक आरोपी हेमराज को डिटेन कर लिया है। आरोपी हेमराज से पूछताछ की जा रही है।

■ **हमलावर बदमाश युवक की हत्या कर शव को जंगल में फेंक कर फरार हुये**



एक भारतीय क्रिकेटर उनसे संबंध बनाने के लिए कहता था। यही नहीं कई क्रिकेटर अपने गंदी तस्वीरें भेजते हैं। पिछले साल हार्मोन इश्यू के चलते मैंने अपना जेंडर बदलवा लिया और आर्यन से अनाया बन गई। - अनाया

क्रिकेटर संजय बांगर की बेटी, क्रिकेटर्स पर आरोप लगाते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## पैट कमिंस



सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस की शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस फोटो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर पैट कमिंस के आईपीएल 2025 से बाहर होने की चर्चा शुरू हो गई है। पैट कमिंस की पत्नी रेबेका ने अपने इंस्टाग्राम पर एयरपोर्ट की तस्वीरें शेयर की है।रेबेका ने अपनी पोस्ट में दो तस्वीरें शेयर की है, एक में वह अपनी पति के सा दिख रही है, जबकि दूसरी तस्वीर में उनका सामान है।

क्या आप जानते हैं ?... एक भारतीय फुटबॉलर मुहम्मद शालेल ने 30 सेकेंड में 10 नटमेग बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

## // लखनऊ और राजस्थान मैच का रॉयल रोमांच आज //







राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने मैच की पूर्व संध्या पर जमकर अभ्यास किया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर हैड कोच राहुल द्रविड़ व लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर जहीर खान ने पेनी नजर जमाई रखी।

# पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू को पांच विकेट से हराया

बेंगलुरु, 18 अप्रैल। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन, हरप्रीत बराड़ और युजवेंद्र चहल की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद नेहाल वढेरा (नाबाद 33) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने वर्षा बाधित मैच में शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पांच विकेट से हरा दिया। 96 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 22 रन जोड़े। तीसरे ओवर में जॉश हेजलवुड ने प्रियांश आर्य 11 गेंद में (16) रन को आउटकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली



सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में भुवनेवश्वर कुमार ने प्रभसिमरन नौ गेंद मे (13) को आउट कर पंजाब को दूसरा झटका दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर (सात) और जॉश इंग्लिस (14) और शशांक सिंह (एक) रन बनाकर आउट हुये। नेहाल वढेरा ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 33) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मार्कस स्टॉयनिस (सात) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में पांच विकेट पर 98 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से जॉश हेजलवुड ने तीन और भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिये। इससे पहले आज यहां पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## हमने जो टीम चुनी है वो बेहतर है : राहुल द्रविड़

जयपुर, 18 अप्रैल। राजस्थान रॉयल्स के हैड कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि हमसे पिछले मैचों में कुछ गलतियां हुई है लेकिन हम हारे नहीं है। हमारी टीम के खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ मैदान में अभ्यास कर रहे है। आने वाले 7 मैचों में राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी अच्छी परफोरमेंस देगें।

ओपनिंग पार्टनरशिप को लेकर द्रविड़ ने कहा कि रॉयल्स के ओपनर यशस्वी व संजू ने बेहतरीन परफोरमेंस दी है। दोनों अच्छा खेले रहे है, संजू की इंजरी के बाद बाहर जाना एक टर्निंग पाइंट था उस मैच में। हर मैच में तो अच्छा परफोर्म नहीं दे सकते है टीम के कुछ रूल्स होते उन्हें हमें फॉलो करना पड़ता है। हमने जो टीम सलेक्ट की है वो बेहतर टीम है। टीम पर मेहनत हो रही है और उसका रिजल्ट अगले मैचों में देखने को मिलेगा।

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच से पहले राजस्थान रॉयल्स के बारे में काफी चर्चा हो रही है, और इसमें से ज्यादातर चर्चा कप्तान संजू सैमसन और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के इर्द-गिर्द है। मुश्किलों से घिरी यह फ्रेंचाइजी अपने करिश्माई कप्तान के बिना ही घरेलू मैच खेल सकती है, क्योंकि वह अभी तक उस साइड स्ट्रेन से उबर नहीं पाए हैं, जो उन्हें नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ



सुपर ओवर में मिली हार के दौरान हुआ था। लेकिन चोट के डर के बीच, कैंप में एक और कहानी भी चल रही थी क्योंकि सोशल मीडिया पर कप्तान और कोच के बीच अनबन की अफ़वाहें उड़ रही थीं।

दिल्ली के खिलाफ़ सुपर ओवर की शुरुआत से पहले एक कथित घटना के दौरान अफ़वाहें उड़ीं। द्रविड़ को सुपर ओवर की रणनीति के बारे में टीम के साथ चर्चा करते हुए देखा गया, लेकिन कप्तान सैमसन, जो डगआउट के पास थे, ने योजना में भाग नहीं लिया। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने देखा कि सैमसन की बॉडी लैंग्वेज कप्तान और कोच के बीच स्पष्ट अलगाव को दर्शाती है। हालाँकि, हेड कोच ने स्पष्ट रूप से इस बात से इनकार किया है कि उनके और कप्तान के बीच ऐसा कोई टकराव है, उन्होंने अफ़वाहों को ''निराधार'' अटकलें बताया और टकराव से पहले और उसके बाद टीम की एकजुटता पर ज़ोर दिया।

लखनऊ के खिलाफ़ अपने खेल की पूर्व संध्या पर मीडिया से बात करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच ने कहा: ''मुझे नहीं पता कि ये रिपोर्ट कहाँ से आ रही हैं। संजू और मैं एक ही पेज पर हैं। वह हमारी टीम का एक अभिन्न अंग है। वह हर निर्णय और चर्चा में शामिल रहता है। कभी-कभी, जब आप खेल हार जाते हैं और चीजें सही नहीं होती हैं, तो आपको आलोचना का सामना करना पड़ता है और हम इसे अपने प्रदर्शन के आधार पर ले सकते हैं, लेकिन हम इस आधारहीन बात के बारे में कुछ नहीं कर सकते।

टीम का जोश वाकई शानदार है, मैं इन खिलाड़ियों की मेहनत से प्रभावित हूं। एक बात जो लोग नहीं समझ पाते हैं, वह यह है कि जब खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं करते तो उन्हें कितना दुख होता है। 2008 के आईपीएल चैंपियन के लिए यह सीजन आदर्श से कम रहा है। राजस्थान की टीम अभी तक 7 मैचों में से सिर्फ 4 अंक लेकर अंक तालिका में 8वें स्थान पर है और वे लगातार हार के बाद एलएसजी के खिलाफ घरेलू मैच में उतरेंगे। कप्तान और कोच के बीच मतभेद और अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के बिना खेलने की खबरें सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले घरेलू मैच से पहले आरआर के लिए आदर्श तैयारी नहीं हैं।

## गुजरात टाइटंस स्टेडियम में दर्शकों को देगी पानी, मिस्ट फैन, सनस्क्रीन और चिकित्सा सुविधा

अहमदाबाद, 18 अप्रैल। गुजरात टाइटन्स अहमदाबाद में दिल्ली कैपिटल्स के साथ होने वाले आगामी मैच के लिए सभी धूप वाले स्टैंड में मिस्ट फैन, सनस्क्रीन, सन वाइजर, पीने का पानी, ओआरएस और मोबाइल मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध करायेंगी। गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच आशीष कपूर के साथ आज के प्री मैच संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दर्शकों के लिए सुरक्षित और आनंददायक अनुभव सुनिश्चित किये जाने को लेकर यह सुविधाएं उपलब्ध होगी। दिल्ली कैपिटल्स के साथ होने वाले मुकाबले से पहले आज गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के बॉक्स पार्क में प्रसंशक स्पर्धा का आयोजन किया। इस दौरान टाइटन्स के साथ जुड़ने, मजेदार चुनौतियों, सवालों और जवाबों में हिस्सा लेने और विशेष पुरस्कार जीतने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे।

## हमें फाइनल में पहुंचने के लिए घर से बाहर भी अच्छा खेलना होगा : हार्दिक

मुम्बई, 18 अप्रैल। मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा है कि हमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलु मैदान के अलावा बाहर भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

सनराइजर्स हैदराबाद पर मिली जीत के बाद हार्दिक ने कहा, यह एक मुश्किल विकेट था। इस पर 160 का स्कोर थोड़ा कम था। यहां गेंदें रूक कर आ रही थीं। हमने अच्छी तैयारी की थी। मुझे लगता है कि हमने गेंदबाजी के दौरान अच्छा प्रयास किया। हमें विकेटों की आवश्यकता थी। ईशान, हर्षल और मैं अंतिम ओवरों के दौरान अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं। हमें एक या दो अच्छे ओवर चाहिए थे। इसलिए हमने राहुल चहर को अवसर दिया था। हमें फाइनल में जाने के लिए घर से बाहर अच्छा खेलना पड़ेगा। लेकिन हम अब तक ऐसा नहीं कर पाए हैं।

उन्होंने कहा, हम पूरी समझदारी के साथ सटीक गेंदबाजी कर रहे थे। कुछ गेंदों पर शॉट खेलना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसका श्रेय काफी हद तक गेंदबाजो जाता है कि हमने उन्हें कुछ अच्छे शॉट्स खेलने लिए मजबूर किया। हम लगातार उन्हें दबाव में रखने का प्रयास कर रहे थे। दीपक ने जो पहले कुछ ओवर किए, उन में से कुछ गेंदें रूक कर भी आईं। इसके बाद हमने धीमी गेंदों का इस्तेमाल करने का फैसला किया। इसके अलावा हमने यॉर्कर को बहुत ही चालाकी के साथ इस्तेमाल किया।

## अभिषेक शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में मचाया धमाल

### ऐसा कमाल करने वाले बने पहले भारतीय

मुंबई, 18 अप्रल। अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2025 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार 40 रन की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर ने अपनी पारी में 7 चौके लगाए। अभिषेक ने हैदराबाद को अच्छी शुरुआत दी और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़े, जिन्होंने 29 गेंदों पर 28 रन बनाए।अभिषेक शर्मा में अपनी 40 रन की पारी के दम पर साल 2025 में टी20 क्रिकेट में 500 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय बने।

उन्होंने इस साल खेली 12 टी30 पारियों में कुल 511 रन बनाए हैं। इस साल यानी 2025 में अब तक कोई भी भारतयी टी20 प्रारूप में 400 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर 10 पारियों में 343 रन बनाकर तिलक वर्मा दूसरे नंबर पर हैं जबकि साई सुदर्शन ने 6 पारियों में 329 रन बनाए हैं और सूची में तीसरे स्थान पर हैं। साल 2025 की शुरुआत में अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ ईडन गार्डन में 79 रन की पारी से की थी और फिर अगले तीन मैचों में उन्हें संघर्ष करना पड़ा और वे 30 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। अभिषेक ने वानखेड़े स्टेडियम में 135 रनों की पारी खेलकर सीरीज का अंत किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 13 छक्के और 7 चौके लगाए थे।

इसके बाद उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 24 रनों की पारी खेलकर आईपीएल 2025 सीजन की शुरुआत की। अभिषेक अगले चार मैचों में संघर्ष करते रहे और केवल 27 रन ही बना पाए। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 141 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अभिषेक के युवा ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने क्रिकेट के गुर पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह से सीखे हैं और वो हर कदम पर उनसे सलाह लेते हैं, लेकिन अभिषेक ने बताया कि मौजूदा समय में उनका फेवरेट भारत के वनडे वे टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा हैं।

## लासलो जिरे को हराकर अल्कराज बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में

बार्सिलोना, 18 अप्रैल। स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने सर्बिया के लासलो जिरे को हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को 71 मिनट तक चले मुकाबले में अल्कराज ने लासलो जिरे को 6-2, 6-4 से हराया।

## अरावली क्रिकेट क्लब ने सुराणा क्लीनिक को हराया

जयपुर, 18 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज पूल बी के मैच में अरावली क्रिकेट क्लब ने सुराणा



क्लीनिक को 10 विकेट से हराया। आज प्रातः अरावली ग्राउंड पर सुराणा क्लीनिक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए धीरज शर्मा के 124 रन (126 गेंद, 16 चौके व 3 छक्के) के शानदार शतक से 35.1 ओवर में 156 रन बनाए। अरावली क्रिकेट क्लब के लिए क्षितिज शर्मा ने 23 पर 5, हंसराज रोलानिया ने 36 पर 2, जुनेद अगवान व ओमांश शर्मा ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में अरावली क्रिकेट क्लब ने शोभित मिश्रा के 132 रन नाबाद शतक (50 गेंद, 19 चौके, 7 छक्के) व आर्यन भारद्वाज के 18 रन नाबाद से 12 ओवर में बिना विकेट 159 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## पाकिस्तान की महिला टीम ने थाईलैंड को 87 रनों से हराया




लाहौर, 18 अप्रैल। सिदारा अमीन (80), कप्तान फतीमा सना (नाबाद 62/तीन विकेट), रमीन शमीम और नशरा संधू (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में गुरुवार को थाइलैंड को 87 रनों से हरा दिया। आज यहां पाकिस्तान की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिदारा अमीन (80), कप्तान फतीमा सना (नाबाद 62), मुनीबा अली (17) और सिदरा नवाज (11) रनों के योगदान से निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान के 205 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की टीम पाकिस्तान महिला टीम के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सकी और पूरी टीम 34.4 ओवर में 118 रन के स्कोर पर सिमट गई। थाइलैंड की बल्लेबाजी का आलम यह था कि उसका कोई भी बल्लेबाज 20 के स्कोर तक भी नहीं पहुंच सका। नान्नापट कोंचारोएनकाई ने सर्वाधिक (19) रनों की पारी खेली।

## ट्रेविस हेड आउट होने के बाद भी नहीं गए पैवेलियन, दो कैच के बाद भी मिला मौका

मुंबई, 18 अप्रल। सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस मैच के मैच के दौरान एक अजीब घटना भी हुई है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ट्रेविस हेड लगातार दो गेंदों पर कैच आउट हुए है। इसके बाद भी वो पवेलियन नहीं लौटे। फील्डर ने ट्रेविस का कैच बिलकुल क्लीन तरीके से पकड़ा था फिर भी वो पवेलियन नहीं लौटे। फील्डर ने ट्रेविस हेड का कैच पकड़ा। इसके बाद भी दो गेंदों पर आउट होने के बाद अंपायर ने ट्रेविस हेड को आउट नहीं किया। इसके पीछे कारण सामने आया है। सनराइजर्स हैदराबाद की पारी में नौवें ओवर में हार्दिक पांड्या गेंदबाजी कर रहे थे। नौवें ओवर की चौथी गेंद पर ट्रेविस हेड स्ट्राइक पर थे। उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और कैच विल जैक्स ने पकड़ा। मुंबई की पूरी टीम ने खुशी मनाई की ट्रेविस का विकेट गया मगर तभी नो बॉल का सायरन बजा। नो बॉल देखकर स्टेडियम में बैठी नीता अंबानी ने भी अपना सिर पकड़ लिया। नो बॉल के बाद फ्री हिट दी गई। हेड ने इस गेंद पर बड़ा शॉट खेलना चाहा मगर मिचेल सैंटनर ने उनका कैच पकड़ लिया। फ्री हिट पर कैच आउट नहीं हो सकता है, इसलिए ट्रेविस को फिर से लाइफ मिल गई। फ्री हिट में कोई भी बल्लेबाज रन-आउट हो सकता है। इसके अलावा किसी और तरह से आउट नहीं किया जा सकता है। ऐसे में ट्रेविस हेड लगातार दो बार आउट होने के बाद भी वो आउट नहीं हुए।

## उवासे को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से गेंदबाजी करने की मिली अनुमति

दुबई। 18 अप्रैल। रवांडा की महिला गेंदबाज जियोवानीस उवासे को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से गेंदबाजी करने की अनुमति मिल गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को बताया कि पुनर्मूल्यांकन और सुधार के बाद रवांडा की गेंदबाज जियोवानीस उवासे की गेंदबाजी क्रिया वैध पाई गई है। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप के दौरान रिपोर्ट किए जाने के बाद उवासे को गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया था। विशेषज्ञ पैनल ने उवासे की गेंदबाजी करने के वीडियो फुटेज की समीक्षा करते हुए कहा है कि कोहनी का विस्तार आईसीसी अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत 15-डिग्री सहनशीलता के स्तर के भीतर है।

## नारायणा की जीत में राजवीर सिंह राठौड़ व रोहित चौधरी चमके

जयपुर, 18 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नारायणा क्रिकेट ग्राउण्ड सिरसी ग्राम, पर खेले गये पूल-डी के मैच में राजवीर सिंह राठौड़ 55 रन तथा राहित चौधरी 15 रन पर 3 विकेट कि शानदार गेंदबाजी की बदौलत नारायणा क्रिकेट एकेडमी ने कियान क्रिकेट एकेडमी को 4 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर कियान क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये दिलखुश 37, रिषभफौजदार 29 रन व कैशव शर्मा 11 रन छोड़कर कियान एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज रोहित चौधरी 15 रन पर 3 विकेट, सुरेश 20 रन पर 2 विकेट तथा भुवन, रोहित चौधरी तथा अजित राजना प्रत्येक 1-1



विकेट के समक्ष बिलकुल नहीं टिक पाये ओर पुरी टीम 16.5 ओवर में ही महज 114 रन बनाकर सिमट गई।

जवाबी पारी में नारायणा क्रिकेट एकेडमी के कप्तान राजवीर सिंह राठौड़ 55 रन (23 गेंद, 3 चौके, 6 छक्के), संजू सारण 21 रन, सुरेश 18 रन की मदद से विजय लक्ष्य 12.1 ओवर में 6 विकेट खोकर 115 रन बनाकर 4 विकेट से जीत हासिल कर ली। कियान एकेडमी की ओर से मंयक स्वामी 15 रन पर 3 विकेट, अभय 16 रन पर 2 विकेट, अक्षय पुराहित 32 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। मैन ऑफ दा मैच राजवीर सिंह राठौड़ 55 रन (23 गेंद, 3 चौके, 6 छक्के) नारायणा क्रिकेट एकेडमी रहे।



## राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 80 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया

दौसा, 18 अप्रैल। जिला क्रिकेट संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर लगाया गया जिसमें 80 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला क्रिकेट संघ दोसा के द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ जिला क्रिकेट संघ के सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय द्वारा किया गया और खिलाड़ियों को अनुशासन एकाग्रता और कड़ी मेहनत का महत्व बताया 30 अप्रैल तक चलने वाले शिविर में इन खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकी और फिटनेस और योगा का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे आगामी आरसीए के टूर्नामेंट में दौसा जिले से अच्छे खिलाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करें सचिव उपाध्याय द्वारा खिलाड़ियों को बीसीसीआई लेवल कोच को कुछ दिन तक शिविर में बुलाने का प्रस्ताव रखा है वर्तमान में कोच मेघराज यादव, वेंकटेश शर्मा, विजय शर्मा, प्रेम सिंह तथा निर्मल सेन योगा कोच अपनी सेवाएं कैंप में दे रहे हैं।

### प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन-5

## टीम केसी मेमोरियल व टीम रेटिना रेकेटर्स पहुंचे अगले दौर में

जयपुर, 18 अप्रैल। जय क्लब में चल रही प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन 5 प्रतियोगिता में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन व लीग सेक्रेटरी डॉ अनिल यादव ने बताया कि आज हुए मैचेज में टीम के सी मेमोरियल ने टीम प्रिसीज़न को 3-2 से , टीम नारायणा हॉस्पिटल ने टीम केडिया हॉटस्पॉट को 3-2 से , रेटिना रेकेटर्स ने टीम फोर्टिस हॉस्पिटल को 3-2 से , टीम डॉ चेफ ने टीम महात्मा गाँधी हॉस्पिटल को 3-2 से , टीम ईगल ने टीम सैंडी स्ट्राइकर्स को 3-2 से , टीम थापर टाइटन्स ने टीम नी राइडर्स को 3-0 से व टीम आर जे 13 किंग्स ने टीम मलोत वॉरियर्स को 4-1 से हराया। लीग



कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु ने बताया कि प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

# मुख्यमंत्री आज से 3 दिन शेखावाटी का दौरा करेंगे

## वे जयपुर, सीकर, झुँझुनूँ जिले में जनता से सीधे संवाद करेंगे, अधिकारियों की मीटिंग लेंगे

जयपुर, 18 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार से जयपुर, सीकर, झुंझुनूं और चूरू के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान शर्मा आम जन से संवाद करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर अधिकारियों की बैठकें लेंगे।

शर्मा शनिवार को सड़क मार्ग से टांटियावास, चौमूं, गोविन्दगढ़, सरगोठ, रींगस, पलसाना, बाजौर होते

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 20 अप्रेल को पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर के लिये गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।**



हुए, सीकर सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहाँ वे जनसुनवाई करेंगे तथा अधिकारियों की बैठक भी लेंगे। इसके पश्चात वे धोद, लक्ष्मणगढ़ होते हुए फतेहपुर जाएंगे।

मुख्यमंत्री रविवार को मण्डावा और मुकुन्दगढ़ के रास्ते झुंझुनूं जाएंगे तथा वहाँ के सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे और अधिकारियों की बैठक लेंगे। झुंझुनूं से मुख्यमंत्री गुढ़ा मोड़, बगाड़, चिड़ावा के रास्ते पिलानी जाएंगे। सोमवार को शर्मा बिट्स पिलानी में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वहाँ से हवाई मार्ग से मलसीसर पहुंचेंगे, जहां पेयजल के डैम का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे चूरू पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

चूरू से मुख्यमंत्री हिण्डाला फार्म हाउस, प्रेमपुरा (सीकर) जाएंगे, जहां वे स्व. ईश्वर राम हिण्डाला की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद चौरू, फागी (जयपुर) पहुंचेंगे और भक्त शिरोमणि धन्ना भगत की 610वीं जयन्ती महोत्सव में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा 20 अप्रेल को पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वे नक्शे एवं अलाइन्मेन्ट की डिजाइन पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि यमुना जल समझौते के प्रथम चरण में ताजेवाला हैड से प्रदेश में जल लाने के लिए प्रवाह प्रणाली हेतु संयुक्त डीपीआर बनाने पर सहमति बनी है। डीपीआर के लिए गठित संयुक्त टास्क फोर्स की पहली बैठक 7 अप्रेल को यमुनानगर में हो चुकी है।

# 'मुर्शिदाबाद में जो कुछ भी हुआ चौंकाने वाला है'

मालदा (पश्चिम बंगाल), 18 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार को मालदा पहुंचे। यहां उन्होंने हिंसा से पीड़ित लोगों से मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा- मैंने शिविर में रह रहे परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उनकी शिकायतें सुनीं और भावनाओं को समझा।

राज्यपाल शनिवार को मुर्शिदाबाद जाएंगे। उन्होंने कहा- मैं जमीनी स्थिति का जायजा लूंगा। वहां जो कुछ भी हुआ, चौंकाने वाला है। किसी भी कीमत पर शांति स्थापित होनी चाहिए। इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को देंगे।

इससे पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल से दौरा स्थगित करने का अनुरोध किया था। ममता ने कहा था मैं गैर-स्थानीय लोगों से अनुरोध करूंगी कि वे अभी मुर्शिदाबाद का दौरा न करें। राज्यपाल से कुछ और दिन प्रतीक्षा करने की अपील करूंगी। बोस ने कहा, बंगाल में अलग-अलग जगहों से हिंसा की भयावह खबरें आ रही हैं। हमें हिंसा के पंथ को ताबूत में बंद कर ताबूत में आखिरी कील भी ठोकनी होगी। बंगाल में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए यह बेहद जरूरी है।

- **ममता बनर्जी के अनुरोध को ठुकरा कर राज्यपाल शनिवार को मुर्शिदाबाद जायेंगे।**

## पार्टी अध्यक्ष ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सब महत्वपूर्ण नहीं है तथा आरएसएस का कोई स्वयंसेवक ही संघ की विचारधारा एवं विचार-प्रक्रिया को कायम रख सकता है तथा पार्टी को इसे जारी रखने की जरूरत है। अमित शाह की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले भूपेन्द्र यादव आरएसएस को स्वीकार नहीं है, क्योंकि वे संघ के पुराने कार्यकर्ता नहीं हैं। ऐसे ही और कुई मुद्दों का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। लेकिन इस गतिरोध को तोड़ने के लिए जबरदस्त परामर्श एवं चर्चाएं जारी हैं।

## यूनेस्को के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के "मैमरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर" में शामिल किया जाना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता प्रदान किया जाना है।

## प्र.मंत्री मोदी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के खतरों के बीच टैस्ला के शेयरों में भारी गिरावट आई है, विशेषरुप से कैनडा द्वारा कंपनी को इलैक्ट्रिक वाहन सब्सिडी से बाहर किए जाने के बाद। संभावना है कि यू.के. भी ऐसा ही कदम उठाएगा।

लेकिन, भारत में स्टारलिंक की योजनाएं सही दिशा में बढ़ती नज़र आ रही हैं। बुधवार को उद्योगमंत्री गोयल ने स्टारलिंक के प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात की, जिसमें कंपनी के वाइस प्रैसिडैंट चैड गिब्स और सीनियर डायरैक्टर रायन गुडनाइट शामिल थे। भारतीय टैलिकॉम कंपनियाँ, भारती एयरटैल और वोडाफोन आइडिया प्रमुख हैं, स्टारलिंक के साथ भारत में सैटेलाइट आधारित टैलिकॉम सेवाओं की शरुआत को लेकर पार्टनशिप पर बातचीत कर रही हैं।

सैटलाइट इन्टरनैट को बढ़ावा और प्रोत्साहन देना सरकार की व्यापक डिजिटल इन्क्लूज़न रणनीति के अनुरुप है। दूरसंचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हाल ही में सैटलाइट संचार की महत्ता पर जोर दिया था, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में, जहाँ, फाइबर और मोबाइल नैटवर्क जैसे पारंपरिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पहुँचना मुश्किल है।

## उप मु.मंत्री एकनाथ शिंदे, अमित ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ताकत की परीक्षा होंगे।

मुंबई में फड़नवीस, ठाकरे की शिवसेना से सीधी चुनौती का सामना कर रहे हैं, जबकि, ठाणे और कल्याण डोंबिविली क्षेत्रों में शिंदे के प्रभाव की परीक्षा होगी, जहाँ उनकी प्रतिस्पर्धा, ना केवल यूबीटी से बल्कि अपने ही भाजपा सहयोगियों, दोनों से है। पुणे और पिंपरी -चिंचवड़ जैसे क्षेत्रों में, जहाँ अजित पवार का एनसीपी गुट हावी है, वहाँ शिंदे की स्थिति की स्थिति कमज़ोर मानी जा रही है।

मुंबई के एक राजनीतिक विश्लेषक के अनुसार, "शिंदे मुश्किल स्थिति में हैं। उन्हें इन चुनावों के जरिए अपने गुट की ताकत साबित करनी है, लेकिन, गठबंधन की अंदरुनी खींचतान इसमें बाधा बन रही है।"

महायुति के दांव बहुत ज्यादा है। नगर निगमों पर नियंत्रण स्थानीय प्रशासन को प्रभाति करता है और व्यापक राजनैतिक ताकत का संकेत होता है। नगर निगम चुनावों में कमज़ोर प्रदर्शन विपक्ष को ताकत देगा खासकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस को शहरी क्षेत्र में जहां मतदाता सड़क व पेयजल आपूर्ति जैसे मुद्दों से प्रभाति होते हैं।

इसी बीच रायगढ़ विवाद गठबंधन के सत्ता संघर्ष को दर्शाता है। शाह का एनसीपी की प्रति झुकाव भाजपा के रणनीतिक समीकरणों के हिसाब किताब को दर्शा रहा है।

चुनाव की उलटी गिनती शुरु हो रही है और महायुति को आन्तरिक मतभेदों को सुलझाना ही होगा ताकि एक प्रभावी चुनाव अभियान चलाया जा सके। राजनैतिक विश्लेषक कहते है कि ठाकरे की सरकार को गिराने के कारण शिंदे की सौदेबाजी की ताकत अब कम होती जा रही है। एक सूत्र ने बताया कि, शिंदे ने शाह को अपने पूर्व योगदान की याद दिलाई पर भाजपा उन्हें कुछ भी देने के मूड में नहीं है। आगामी सप्ताओं में पता चलेगा कि शाह इन मतभेदों को सुलझाकर कोई समझौता कर पाते या फिर महायुति की फूट महाराष्ट्र के राजनैतिक भविष्य को नया आकार देगी।

## दो हजार से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भुगतान पर एमडीआर हटा चुका है।

मंत्रालय ने कहा है, चूंकि वर्तमान में यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर लगाया ही नहीं जाता है, ऐसे में इन लेन-देन पर कोई जीएसटी लागू ही नहीं किया जा सकता है। बयान में कहा गया है कि सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बाँग्लादेश, मुर्शिदाबाद के दंगों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बड़े पैमाने पर हिंसा की खबरें आई थीं। हिन्दुओं को हर तरह से डराया-धमकाया गया था, खुली धमकियाँ दी गई थीं तथा उन पर हमले किये गये थे। बाँग्लादेश में हिन्दू मंदिरों तथा सम्पत्तियों को नुकसान पहुँचाया गया तथा उन्हें नष्ट कर दिया गया। ढाका के सुप्रसिद्ध इंडियन इन्फॉर्मेशन सेन्टर, जिसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर रखा गया था, को उन्मादी भीड़ पूरी तरह ढहा दिया।

अब, बाँग्लादेश ने बंगाल के सीमान्त जिले मुर्शिदाबाद में तबाही मचा दी है, उसे साम्प्रदायिक उन्माद का ग्रास बना दिया है।

वस्तुतः मुर्शिदाबाद में हिन्दू निवासियों के खिलाफ हिंसा हो रही है, तथा जिले के हिन्दू परिवार बड़ी संख्या में अपने घर-गांव छोड़कर अन्यत्र चले गये हैं। यह एक विडम्बना ही है कि एक हिन्दू -बहुल देश के एक राज्य के एक हिस्से से हिन्दू घर छोड़कर भागने को मजबूर हो गये हैं। इस स्थिति को हलके में लेते हुये, तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा था कि संदर्भित लोग एक जिले से दूसरे जिले में ही तो गये हैं, देश के अन्य भागों में शरण पाने के लिये वे राज्य छोड़कर तो नहीं गये हैं। उक्त नेता, जो स्वयं बिहार छोड़कर बंगाल में आ बसे हैं, अपने हिसाब से, एक बड़ा सांत्वनाप्रद बयान देकर, बुराई में अच्छाई ढूंढने की निरर्थक कोशिश मात्र कर रहे हैं।

बंगाल के सभी जिलों में मुस्लिमों द्वारा एकाएक की गई हिंसा तथा मुस्लिम इलाकों हिन्दुओं के जान-माल के नुकसान से एकाएक चौंक पड़ी ममता बनर्जी अब इसे राजनीति का परिणाम बताने की कोशिश कर रही हैं।

ममता ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कड़ी आलोचना शुरु कर दी है तथा आरोप लगाया है कि राज्य के साम्प्रदायिक उन्माद के लिये शाह जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि ये उपद्रव पूर्व-नियोजित थे तथा आतंक का माहौल पैदा करने के लिये पड़ोसी बाँग्लादेश से लोग बंगाल में घुस आये थे। जैसी कि उनकी आदत है, उन्होंने राज्य की वर्तमान दुर्दशा पर हो रही चर्चा की दिशा बदलने के लिये, उसे पूरी तरह से असम्बंधित मुद्दों की ओर ले जाने की कोशिश की। उन्होंने अपने पक्ष के इमामों की एक सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि मोदी के बाद, शाह का भविष्य क्या होगा। वे मुस्लिमों को अपनी तरफ बनाये रखने की हताशापूर्ण कोशिश कर रही हैं।

हिंसा इतनी प्रचंड रही है कि पहले की स्थितियों के विपरीत, राज्य की पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। और यह बल प्रयोग शांति कायम करने के लिये नहीं, बल्कि स्वयं की रक्षा के लिये किया गया था। पुलिस की सम्पत्तियाँ तो नष्ट की ही गई हैं, पुलिस पर हमले भी किये गये हैं। इस कारण, पुलिस लाठीचार्ज करने तथा फायरिंग के लिये मजबूर हो गई। इससे उनके मुस्लिम समर्थकों में उनकी स्थिति खराब हो गई तथा कुछ मुस्लिम मंत्रियों ने तो राज्य पुलिस की आलोचना तक की है। इसके अलावा, कुछ मुस्लिम पोलिटिकल पार्टियाँ, मुस्लिम वोटों पर ममता की निर्विवाद पकड़ को एक तरफ रखते हुये, अल्पसंख्यकों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत तथा एकजुट कर रही हैं। ममता ने आरोप लगाया है कि बीएसएफ ने बच्चों को अपनी पकड़ में ले लिया था तथा उनसे ईंट-पत्थर और मिसाइलें फिंकवाई थीं। उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएफ ने घुसपैठियों को अंदर आने दिया तथा इस प्रकार, इस उपद्रव के लिये केन्द्र जिम्मेदार है।

बीएसएफ को कटघरे में खड़ा कर दिया गया है तथा इस प्रकार, उपद्रवों को मिसहैन्डल करने में राज्य की कोई भूमिका नहीं है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि बीएसएफ ने ईंट-पत्थर फैंकने के लिये छोटे-छोटे बच्चों को पैसे दिये थे। राज्य प्रशासन की पोल पूरी तरह खुल गई है तथा वह हिंसा को रोकने में असफल रहा है। दूसरी ओर, बीएसएफ पर फायरिंग करने का दोषारोपण किया जा रहा है तथा कहा जा रहा है कि इस फायरिंग में बहुत से लोग मारे गये हैं।

## बाइस नक्सलियों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में लगातार नक्सल उनमूलन अभियान चलाया जा रहा है। पुनर्वास नीति का भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

'नियद नेल्लानार योजना' के तहत विकास कार्य भी कराया जा रहा है, जिससे प्रभावित होकर नौ महिला समेत 22 माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सरेंडर किया है।

## अमेरिका तीन सप्ताह में ही, जल्दी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कम्पनियों की अमेरिकी बाज़ार में अच्छी खासी उपस्थिति है, में राहत चाह रहा है। इसके बदले में अमेरिका, भारत के डेयरी, पोल्ट्री और डिजिटल कॉमर्स के क्षेत्र में अधिक पहुँच चाहता है। वार्ताओं का रणनीतिक महत्व बहुत विस्तृत है, जिससे ये और ज्यादा जटिल हो गई हैं। इनसे ग्लोबल सप्लाई चेन का पुनर्गठन प्रभावित होगा, जो वर्तमान में चीन से बहुत गहराई से जुड़ी हुई है।

अमेरिकन अधिकारियों को कुछ ही सप्ताह में भारत के साथ समझौता फाइनल होने की उम्मीद है। लेकिन गोयल ने संयमित रुख अपनाया और संकेत दिया कि 6 माह में संपूर्ण समझौता हो सकता है। असल मुद्दों की जटिलता और इसके स्थानीय स्तर पर पड़ने वाले राजनैतिक प्रभाव के कारण नई दिल्ली को मजबूरन सतर्क व संतुलित कूटनीति अपनानी पड़ रही है। मूल रूप से सभी व्यापारिक गतितिविधियाँ टैरिफ या बाज़ार तक पहुँच से संबंधित नहीं हैं।

यह सोचा समझा भू-राजनैतिक खेल है। ट्रम्प प्रशासन का लक्ष्य अनौपचारिक आर्थिक गठबंधन बनाना है, जो वैश्विक सप्लाई चेन की चीन पर निर्भरता कम कर सके और टैक्नॉलजी, दुर्लभ पृथ्वी तत्वों व निर्माण क्षेत्र में चीन के दबदबे को चुनौती दे सके।






सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908